WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, मंगलवार, 28 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 335 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

इंसानियत शर्मसार : जहरीला गुड़ बनाने का पर्दाफाश, मुनाफाखोरी के लिए पत्थर का चूरा मिलाने का खेल

- जंगलपुर गांव में सनसनीखेज खुलासा
- छापे में 310 क्विंटल पत्थर चूरा और 23 क्विंटल मिलावटी गुड़ जब्त

जितेंद्र नामदेव

कवर्धा/नवप्रदेश। मुनाफाखोरी की अंधी दौड़ में स्थानीय मां दुर्गा गुड़ उद्योग में पत्थर चूरा (स्टोन पाउडर) मिलाकर जहरीला गुड़ तैयार किया जा रहा था। यह गुड़ न केवल किडनी और लिवर को बर्बाद करने वाला था, बल्कि हजारों लोगों की जान को खतरे में डालने वाला है। शुक्रवार-शनिवार की रात फूड सेफ्टी डिपॉर्टमेंट की कार्रवाई में इस गोरखधंधे का खुलासा हुआ। जिले के जंगलपुर गांव में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है।

ऐसे हुआ खुलासा

गुड़ उद्योग संघ के पदाधिकारियों को इस गोरखधंधे की भनक लगी थी। संघ ने फूड सेफ्टी डिपॉर्टमेंट को इसकी जानकारी दी। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात 2 बजे विभाग के अधिकारी जितेंद्र नेले ने अपनी टीम के साथ मां दुर्गा गुड़ उद्योग पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान 620 बोरियों में पत्थर चूरा बरामद हुआ। यह जहरीला गुड़ बनाने के लिए स्टॉक किया गया था। इसके अलावा, 23 क्विंटल मिलावटी गुड़ भी जब्त किया गया, जो बाजार में बिक्री के लिए तैयार था।

शेष पृष्ठ 6 पर

छापे में ये मिला?

जंगलपुर के इस गुड़ उद्योग पर छापे के दौरान 310 क्विंटल पत्थर चूरा और 23 क्विंटल मिलावटी गुड़ जब्त किया गया। यह पत्थर चूरा उत्तर प्रदेश से सीमेंट की बोरियों में भरकर मंगवाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इसका उपयोग गुड़ का वजन बढ़ाने के लिए किया जा रहा था। जब्त पत्थर चूरा की कीमत करीब 2.83 लाख रुपए आंकी गई है। साथ ही, सैंपल लेकर लैब परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर मामला कोर्ट में पेश किया जाएगा।

मुनाफाखोरी के लिए गिरती नैतिकता

गुड़ उद्योग के संचालक हलधर चंद्रवंशी पर आरोप है कि उन्होंने पत्थर चूरा मिलाकर वजन बढ़ाने के लिए इसे गुड़ में मिलाया। यह मुनाफाखोरी का सबसे अमानवीय रूप है। फूड सेफ्टी डिपॉर्टमेंट ने संचालक से बॉन्ड भरवाकर स्टोन पाउडर की बोरियों को उनके सुपुर्द कर दिया है।

स्वास्थ्य पर खतरनाक असर, ये कहा विशेषज्ञों ने

विशेषज्ञों की मानें तो पत्थर चूरा के सेवन से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। किडनी और लिवर फेलियरः पत्थर चूरा शरीर के रक्त प्रवाह को बाधित कर किडनी और लिवर को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है।

फेफड़ों का नुकसानः अगर यह श्वसन नली में फंसे, तो फेफड़े बुरी तरह डैमेज हो सकते हैं।

जानलेवा खतरा : मात्र 250 ग्राम पत्थर चूरा किसी भी व्यक्ति की जान लेने के लिए काफी है। जब्त किए गए 310 क्विंटल पत्थर चूरा से तैयार मिलावटी गुड़ का सेवन करने से 1.24 लाख लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी।

आज बेबाक

मजबूरी तेरे दर पर ले आई आशा की मैंने जोत जलाई... गाते हुए श्री श्री 1008 श्री अखिलेशवरानंद ने भी आखिरकार प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचकर त्रिवेणी संगम में एक नहीं दो नहीं बल्कि पूरे ग्यारह बार डुबकी लगा ली। पंचर सायकल वाले भैया पहले तो महाकुंभ को लेकर लगातार विवादास्पद बयानबाजी करते रहे लेकिन बाद में उन्हें आत्मबोध हुआ कि गंगा में डुबकी लगाने में ही उनका कल्याण है। उन्हें पुण्य लाभ मिलेगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस पुण्य स्नान का अखिलेश यादव को कितना राजनीतिक फायदा मिलता है? मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजे यह बता देंगे।

सशक्त और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में बढ़ रहे आगे : साय

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में खुली विकास की नई राह, जल्द ही नक्सल आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा बस्तर

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और संविधान निर्माताओं के योगदान को किया याद

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर आम जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री साय ने गणतंत्र दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सबके लिए अत्यंत गौरवशाली है। आज हम देश के गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। इसके पीछे उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बलिदान है, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाई, उन संविधान निर्माताओं का योगदान है, जिन्होंने इस संविधान के माध्यम से भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। उन विभूतियों का योगदान है, जो संविधान की रक्षा के लिए हमेशा डटे रहे तथा संविधान के मूल्यों पर चलकर अंत्योदय का कल्याण करते रहे। नक्सलवाद से लड़ते हुए देश की एकता और अखण्डता के लिए अनेक जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, ताकि हम सुरक्षित रह सकें और समाज में शांति स्थापित हो सके। इन जवानों की शहादत को मैं शत्-शत् नमन करता हूं।

भारत की आजादी की यात्रा के साथ ही दुनिया के अनेक देशों ने भी अपनी स्वतंत्रता की यात्रा प्रारंभ की, लेकिन इनमें से कई देशों में शासन व्यवस्था पटरी से उतर गई और वहां की जनता आज अराजकता का सामना करने मजबूर है। गणतांत्रिक परंपराओं की अपनी ऐतिहासिक जड़ों और अपने श्रेष्ठ संविधान के बूते लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत अविचल खड़ा ही नहीं है अपितु निरंतर तरक्की के नये शिखरों को छू रहा है।

शेष पृष्ठ 6 पर

भारत का संविधान एक पवित्र दस्तावेज

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान एक पवित्र दस्तावेज है। यह वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से प्रेरित है। इसे एक ऐसे राष्ट्र के नागरिकों ने तैयार किया, जिनकी भावनाओं के मूल में विश्व बंधुत्व और मानव कल्याण की सोच है। हमारी आजादी की लड़ाई की सोच हमारे संविधान में पूरी तरह से झलकती है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में जब हमारे छत्तीसगढ़ से संविधान निर्मात्री समिति के सदस्य संविधान तैयार कर रहे थे, तब निश्चय ही उनके सामने बाबा गुरु घासीदास जी के समतामूलक संदेश, शहीद वीरनारायण सिंह जी के संघर्ष की गाथा और पंडित सुंदरलाल शर्मा जी का छूआछूत विरोधी संघर्ष जैसे आदर्श रहे होंगे। इन सभी के विचारों को बाबा साहेब ने अंतिम ड्राफ्ट के रूप में बहुत सुंदरता से पिरोया था।

इन बिंदुओं पर सीएम का बड़ा फोकस

1-छत्तीसगढ़ में श्वेत क्रांति की खुली राह
2-नई उद्योग नीति से प्रदेश में बना निवेश का बेहतर वातावरण
3-पांच सालों में ढाई लाख करोड़ रूपए के निवेश का लक्ष्य
4-पर्यटन को मिला बढ़ावाः प्राकृतिक संपदा को न केवल हम सहेजे हुए हैं अपितु उसका निरंतर संवर्धन भी कर रहे हैं।
5-एयर कनेक्टिविटी में इजाफा
6-पीएससी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार की जांच का कार्य हमने सीबीआई को सौंपा है और सीबीआई इस मामले में पुख्ता कार्रवाई कर रही है।
7-प्रधानमंत्री आवास का बढ़ा दायरा
8-महतारी वंदन योजना लागू
9-प्रदेश में नई शिक्षा प्रणाली लागू
10-प्रदेश के 77 लाख 20 हजार परिवारों को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा
11-छत्तीसगढ़ बनेगा मेडिकल टूरिज्म का केंद्र
12-हिंदी माध्यम से एमबीबीएस की पढ़ाई
13-रजत जयंती पर छत्तीसगढ़ मना रहा अटल निर्माण वर्ष
14-पारदर्शी प्रशासन के लिए आईटी का उपयोग
15-20 हजार श्रद्धालुओं ने की अयोध्या धाम की यात्रा
16-जनजातीय गांवों में अखरा निर्माण
17-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए रोडमैप तैयार

पूरे देश में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस

नयी दिल्ली (वार्ता)। छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस के मौके पर रविवार को कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में सैन्य शक्ति, अदम्य साहस, सांस्कृति विविधता और लोक कलाओं की मनोहर छवि देखने को मिली। कर्तव्य पथ पर परेड की शुरुआत संस्कृति मंत्रालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई, 300 कलाकारों ने वाद्य यंत्र बजा कर लोगों का मन मोह लिया। कर्तव्य पथ पर इंडोनेशिया के सैन्य जवानों का दस्ता जब गुजरात तो वहां के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो खड़ा होकर उनकी हौसला अफजाई की। इसके भारतीय सेना के जवानों ने भीष्म टैंक, पिनाका मल्टी लॉन्चर रॉकेट सिस्टम के साथ मार्च किया। भारतीय सैनिकों का दस्ता जब कर्तव्य पथ पर गुजर रहा था, तो लोग तालियां बजाकर और भारत माता की जय का नारा लगाकर कलाकारों की हौसला अफजाई कर रहे थे।इस वर्ष कर्तव्य पथ पर कुछ 26 झांकियां निकाली गयी, जिनमें 16 राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों और 10 केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों की झांकियां थीं। पशुपाल एवं डेयरी विभाग की झांकी जब कर्तव्य पथ से गुजरी, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालियां बजाकर कलाकारों की हौसला अफजाई की। कई अन्य मौकों पर भी ताली बजाते और कलाकारों का हौसला बढ़ाते नजर गए। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान भारतीय सेना के सिग्नल कोर के मोटरसाइकिल सवारों ने हैरत अंगेज करतब दिखा लोगों का दिल जीत लिया।

दर्शकों उनके करतब को देख कर दांतों तक उंगुलियां दबा ली और तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका मनोबल बढ़ा। इस बार कर्तव्य पथ पर संस्कृति मंत्रालय के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम-जयति जय ममः भारतम की बेहद खास रहा। इस कार्यक्रम में पहली बार 5 हजार कलाकारों ने एक साथ पूरे कर्तव्य पथ पर नृत्य किया, जिसे

शेष पृष्ठ 6 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रिय मित्र' ट्रम्प से फोन पर की बातचीत

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की और दोनों शीर्ष नेताओं ने दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री मोदी ने श्री ट्रम्प को ऐतिहासिक रूप से दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति पद संभालने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इस बातचीत की जानकारी देते हुए कहा, 'मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात करके बहुत खुशी हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे। श्री ट्रम्प ने अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के अपने तीसरे चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद 20 जनवरी को दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

हिंडनबर्ग-अडानी विवाद : सुको ने सेबी की जांच रिपोर्ट की मांग वाली याचिका की खारिज

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने हिंडनबर्ग रिसर्च-अडानी ग्रुप विवाद मामले में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की जांच रिपोर्ट की मांग करने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पार्दीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता विशाल तिवारी की ओर से दायर उस आवेदन को खारिज कर दिया, जिसमें रजिस्ट्रार द्वारा 5 अगस्त 2024 को पारित पूर्व आदेश को चुनौती दी गई थी। रजिस्ट्रार ने इस मामले में उनके आवेदन को पंजीकृत करने से इनकार कर दिया गया था। अधिवक्ता के आवेदन में सेबी को अडानी समूह के खिलाफ अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों पर अपनी निर्णायक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए बाध्य करने की मांग की गई थी। पीठ ने रजिस्ट्रार के फैसले को बरकरार रखते हुए श्री तिवारी की याचिका को खारिज कर दिया।

खिलाडिय़ों की सुरक्षा के लिए शुरू की हेल्पलाइन

देहरादून। भारतीय ओलंपिक संघ ने मंगलवार से शुरू होने वाले राष्ट्रीय खेलों के दौरान उत्पीडऩ, दुर्व्यवहार और अन्य प्रकार की पारस्परिक हिंसा को रोकने के लिए स्थानीय आयोजन समिति के साथ मिलकर सोमवार को एक हेल्पलाइन शुरूआत की। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड के विभिन्न स्थान पर किया जाएगा। इनका समापन 14 फरवरी को होगा। आईओए ने विज्ञप्ति में कहा- भारतीय ओलंपिक संघ और राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति ने सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय खेल 2025 के दौरान प्रतिकूल घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए एक टेलीफोन हेल्पलाइन शुरू की है।

संविधान हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच का दस्तावेजः राहुल

महू/नवप्रदेश। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर कड़ा हमला करते हुए सोमवार को कहा कि इनकी विचारधारा संविधान विरोधी है और वे इसे खत्म करना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ती रहेगी। श्री गांधी ने मध्य प्रदेश के महू में सोमवार को 'जै बापू, जै भीम जै संविधान रैली' को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुस्तान में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ कांग्रेस है जो संविधान को मानती है और इसके लिए लड़ रही है। दूसरी तरफ भाजपा आरएसएस है जो संविधान के खिलाफ हैं, इसे कमजोर करते हैं और खत्म करना चाहते हैं।

संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है, इसमें हिंदुस्तान की हजारों साल पुरानी सोच है। इसमें अंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, फुले जी जैसे महापुरुषों की आवाज है।" आरएसएस पर संविधान पर सीधा हमला करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, "कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- हिंदुस्तान को 15 अगस्त, 1947 को आजादी नहीं मिली,

शेष पृष्ठ 6 पर

जसप्रीत बुमराह बने 2024 के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया है। इस पुरस्कार के लिए भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट, इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक और श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस भी नामित थे लेकिन बुमराह ने इन सभी को पछाड़कर पुरस्कार जीता। बुमराह ने हाल ही में टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। बुमराह 2024 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 13 मैच में 14.92 की औसत और 30.16 के स्ट्राइक रेट से 71 विकेट चटकाए, जो पारंपरिक प्रारूप में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आईसीसी ने पर्थ में बुमराह के मैच का रुख बदलने वाले स्पैल को उनके सबसे यादगार प्रदर्शन में से एक माना था जिसकी बदौलत भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की।

पादरी के शव दफनाने के मामले में सुको का बड़ा फैसला

इसाई कब्रिस्तान में ही दफनाया जाए शव

जगदलपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर जिले के छिंदवाड़ा गांव में पादरी सुभाष बघेल के शव को दफनाने को लेकर उठे विवाद पर अब सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने ग्राम पंचायत और हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए पादरी का अंतिम संस्कार इसाई कब्रिस्तान में करने का आदेश दिया है। बता दें, इससे पहले 20 जनवरी को हुई मामले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने गहरा दुःख जताते हुए कहा था कि, किसी व्यक्ति को किसी खास गांव में क्यों नहीं दफनाया जाना चाहिए? शव 7 जनवरी से मुर्दाघर में पड़ा हुआ है। यह कहते हुए दुख हो रहा है कि एक व्यक्ति को अपने पिता को दफनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ के एक गांव में एक व्यक्ति को अपने पिता को ईसाई रीति-रिवाजों से दफनाने के लिए शीर्ष अदालत आना पड़ा, क्योंकि अधिकारी इस मुद्दे को सुलझाने में विफल रहे।

विवाद की शुरुआत

65 वर्षीय पादरी सुभाष बघेल की 7 जनवरी को बीमारी के कारण मौत हो गई थी। उनके शव को गांव के कब्रिस्तान में दफनाने की अनुमति ग्राम पंचायत ने नहीं दी, जिससे यह विवाद खड़ा हो गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन को गांव में तैनात किया गया था।

कानूनी लड़ाई

मृतक के बेटे रमेश बघेल ने पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया। इसके बाद मामले को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान देरी को अनुचित ठहराया और राज्य सरकार से जवाब मांगा।

समाज को संदेश

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने धार्मिक सौहार्द और परंपराओं के महत्व को रेखांकित किया है। अब पादरी सुभाष बघेल का अंतिम संस्कार मसीही रीति-रिवाजों के अनुसार मसीही कब्रिस्तान में किया जाएगा।

गरमा-गरम

उत्तराखंड ने रचा इतिहास

सीएम ने किया पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण

समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना

देहरादून/ए.। उत्तराखंड में ढाई साल की तैयारियों के बाद आज इतिहास रच दिया। आज समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में यूसीसी पोर्टल ucc.uk.gov.in और नियमावली का लोकार्पण किया। वहीं, इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। इसी के साथ स्वतंत्र भारत के इतिहास में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया।

समान नागरिक संहिता के लिए 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट दो फरवरी 2024 को सरकार को सौंपी थी। इसके बाद आठ मार्च 2024 को विधानसभा में विधेयक पारित किया गया। विधानसभा से पास होने के बाद इस इसे राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा गया। यहां से 12 मार्च 2024 को इस अधिनियम पर राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया।

इन देशों की यूसीसी का किया गया अध्ययन

सऊदी, तुर्कीए, इंडोनेशिया, नेपाल, फ्रांस, अजरबैजान, जर्मनी, जापान और कनाडा।

पहली बैठक 4 जुलाई 2022 को दिल्ली में

समिति ने बैठकों, परामर्शों, क्षेत्र के दौरे और विशेषज्ञों और जनता के साथ बातचीत के बाद मसौदा तैयार किया। इस प्रक्रिया में 13 महीने से अधिक का समय लगा। जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी पहली बैठक 4 जुलाई 2022 को दिल्ली में की थी।

ढाई लाख लोगों से उनकी राय जानी

इसमें महत्वपूर्ण पहलुओं पर जुलाई 2023 में एक मैराथन बैठक में विचार-विमर्श किया गया और इसे अंतिम रूप दिया गया। कमेटी को समान नागरिक संहिता पर ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से करीब 20 लाख सुझाव मिले हैं। इनमें से कमेटी ने लगभग ढाई लाख लोगों से सीधे मिलकर इस मुद्दे पर उनकी राय जानी है।

इस तरह हुईं तैयारियां

- 43 हितधारकों के साथ बैठकें हुईं।
- 72 गहन विचार विमर्श बैठकें की गईं।
- 49 लाख एसएमएस प्राप्त हुए।
- 29 लाख व्हाट्सएप मैसेज आए।
- 2.33 लाख नागरिकों ने सुझाव दिए।
- 61 हजार पोर्टलों पर सुझाव मिले।
- 36 हजार सुझाव डाक से मिले।
- 1.20 लाख सुझाव दस्ती से आए।
- 24 हजार ई-मेल से भी सुझाव आए।

इसके बाद यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गईं।

शेष पृष्ठ 6 पर

दुनिया की 62 यूनिवर्सिटी इस वजह से करना चाहती हैं महाकुंभ पर स्टडी

यहां न कास्ट है न कैटेगरी है और सब मोक्ष की प्राप्ति के लिए एकत्रित होते हैं

नई दिल्ली/ए.। 13 जनवरी से शुरु हुआ महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलने वाला है। महाकुंभ की चर्चा पूरे विश्व में हो रही है और इसे दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन भी कहा जा रहा है। संवाद में बात करते हुए अमृत अभिजात ने बताया कि 62 यूनिवर्सिटी इस पर स्टडी करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी यूनिवर्सिटी कुंभ से जुड़ी अलग-अलग चीजों पर स्टडी करना चाहती हैं।

कुंभ में किया गया 15 हजार करोड़ रुपये का इंवेस्टमेंट

अमृत अभिजात ने कहा, कुंभ एक बहुत बड़ा ईवेंट है और यह एक चैलेंज भी है। इसकी तैयारी हम डेढ साल से कर रहे थे और इसके इंफ्रास्ट्रक्चर को इस तरह से तैयार किया गया है कि कुंभ के बाद भी वो बरकरार रहे। इसे अगर भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच बांटा जाए तो इसमें कुल 15 हजार करोड़ रुपये का इंवेस्टमेंट किया गया है।

62 यूनिवर्सिटी करना चाहती हैं इस पर स्टडी

उन्होंने कहा, चाहे इंवेस्टमें रेलवे में हो, सिविल हो, नेशनल हाईवे हो, अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर हो, घाटों का सौंदर्यीकरण हो या अन्य काम हो। यहां एक ऐसी व्यवस्थी दी जा रही है जो आगे भी ऐसे ही रहेगी। जब आखिरी बार कुंभ का आयोजन कराया गया था तब हार्वर्ड और लंदन यूनिवर्सिटी ने इस पर स्टडी की थी। इस बार हमने इस स्टडी को ओपन करने के बारे में सोचा और हमने कुछ यूनिवर्सिटी को लिखा। हमने 49 यूनिवर्सिटी को लिखा था और 62 यूनिवर्सिटी से रिवर्ट आया और वो सभी इसपर स्टडी करना चाहते हैं।

विश्व के कई बड़े संस्थान इसमें शामिल

उन्होंने बताया कि इसमें आईआईएम, आईआईटी, विश्व लेवल के संस्थान, एनआईयूए, लखनऊ यूनिवर्सिटी और दिल्ली यूनिवर्सिटी आदि शामिल हैं। लेकिन बाहर के लोग बहुत इसमें दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इसके बाद हमने फाइनल अप्रूवल दिया तो स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, मेलिंडा मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सारे आईआईटी और आईआईएम हमारे साथ हिस्सा ले रहे हैं।

अलग-अलग तरह से होगी महाकुंभ की स्टडी

उन्होंने कहा, इसको हमने अलग-अलग हिस्सों में बांटा है क्योंकि कुंभ अपने आप में एक जादूई चीज है। यह अपने आप में एक शहर है जो तीन महीने के लिए बस गया है। इसमें आपको पानी, बिजली, सड़क सबकुछ मिलेगा और मार्च के अंत तक यह पूरा क्लीयर कर दिया जाएगा। वहां पर गंगा अपने प्रवाह में रहेंगी। हालांकि, कुंभ के क्षेत्र के बाहर जो हिस्सा बनाया गया है वो वहां हमेशा रहेगा।

इन विषयों पर की जाएगी स्टडी

उन्होंने कहा, इसमें रिलिजियस स्टडी, स्पिरिचुअलिज्म के हिसाब से आदि तरीकों से स्टडी की जाएगी। इसमें हेल्थ, स्वच्छता, सुरक्षा आदि की क्या व्यवस्था है इन सब चीजों के बारे में स्टडी किया जाएगा। यहां पर एक वक्त में लोगों को एक मैजिकल फीलिंग आती है और जो वहां आते हैं इसे केवल वही महसूस कर पाते हैं। यहां न कास्ट है न कैटेगरी है और सब मोक्ष की प्राप्ति के लिए एकत्रित होते हैं और इन्हीं सब चीजों के बारे में स्टडी की जाएगी।

अमेरिका ने कोलंबिया पर लगाया 25 प्रतिशत टैरिफ

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कोलंबिया से आयातित सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफकी घोषणा की, क्योंकि लैटिन अमेरिकी देश ने निर्वासित अप्रवासियों को ले जाने वाली दो उड़ानों को लैंडिंग की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया मुझे अभी सूचित किया गया कि बड़ी संख्या में अवैध अपराधियों के साथ अमेरिका से दो प्रत्यावर्तन उड़ानों को कोलंबिया में उतरने की अनुमति नहीं दी गई।

इजरायल, हमास छह बंधकों को करेंगे रिहा

दोहा(वार्ता)। इजरायल और हमास ने इस सप्ताह छह इजरायली बंधकों की रिहाई और गाजा के विस्थापित निवासियों को दक्षिण से उत्तरी इलाकों में लौटने की अनुमति देने पर सहमति जतायी है। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, मध्यस्थों की ओर से किए जा रहे निरंतर प्रयासों के तहत, दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ है। जिसमें कहा गया कि इजरायली बंधक अर्बेल यहूदा और दो अन्य बंधकों को शुक्रवार से पहले रिहा किया जाएगा। इसके अलावा, तीन और बंधक शनिवार को हमास की ओर से रिहा किए जाएंगे।

जेजु एयर के दुर्घटनाग्रस्त विमान के इंजनों में पक्षी के पंख मिले

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरिया में दिसंबर में दुर्घटनाग्रस्त हुए यात्री विमान पर जांचकर्ताओं को पक्षी के टकराने के साक्ष्य मिले हैं, जिसमें 179 लोगों की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, जेजु एयरलाइन के विमान के दोनों इंजन पर पाए गए पंख और खून के धब्बे बैकाल टील (एक प्रकार की प्रवासी बत्तख) के हैं , जो बड़े झुंडों में उड़ते हैं। यह विमान दुर्घटना अब पक्षी टकराने और रनवे के अंत में स्थित कंक्रीट संरचना के प्रभाव पर केंद्रित होगी।

अफगानिस्तान में विस्फोट से एक बच्चे की मौत, पांच घायल

गरदेज, (वार्ता)। अफगानिस्तान के पूर्वी पकतिया प्रांत के जाजाई अरयूब जिले में रविवार को एक विस्फोटक उपकर से खेलने के दौरा अचानक हुए विस्फोट में एक बच्चा मारा गया और अन्य पांच घायल हो गये हैं। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता मुनिब जद्रान ने सोमवार को बताया कि पिछले युद्धों के दौरान बिना उपयोग में लाये गये एक विस्फोटक उपकरण के जमीन में पड़ा हुआ था। रविवार को बच्चों ने विस्फोटक उपकरण को खिलौना समझकर उससे खेलने लगे तभी अचानक से विस्फोट हो गया, जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। युद्धग्रस्त अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंगों से प्रदूषित देशों में से एक है, जहां पिछले दशकों में युद्धों से बचे विस्फोटक उपकरणों में विस्फोट होने के कारण हर महीने कई लोग मारे जाते हैं। इनमें से अधिकतर बच्चे होते हैं। जो या तो मारे जाते हैं अन्यथा अपंग हो जाते हैं।

दक्षिणी बोलीविया में बस पलटने से 19 लोगों की मौत

ला पाज़(वार्ता)। दक्षिणी बोलीविया में यात्री बस के पलट जाने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। निकटवर्ती उयूनी की पुलिस ने बताया कि दुर्घटना रविवार सुबह उस समय हुई जब अर्जेंटीना की सीमा पर स्थित शहर ला पाज़ से विलाजोन जा रही यात्री बस सेरदास कस्बे के समीप पलट गयी। मृतकों में 14 महिलाएं और दो नाबालिग शामिल हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

ट्रेन त्रासदी पर न्याय की मांग को लेकर हजारों लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

एथेंस, (वार्ता)। मध्य ग्रीस के टेम्पी में 2023 में हुई ट्रेन टक्कर के लिए न्याय की मांग करते हुए लगभग 30 हजार लोग रविवार को ग्रीक संसद के बाहर एकत्र हुए। ट्रेन दुर्घटना में 57 लोगों की जान चली गई थी। पीड़ित परिवारों के एक संघ द्वारा आयोजित प्रदर्शन को विपक्षी दलों और श्रमिक संघों का समर्थन प्राप्त था।

राष्ट्रपति भवन के ऐट होम कार्यक्रम में दिखे दक्षिण भारत के रंग

■ **ड्रोन दीदी, स्टार्टअप के संस्थापकों, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, उपलब्धियां हासिल करने वाले दिव्यांग और अन्य लोग भी थे**

नई दिल्ली/ए.। देशभर में 76वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशिष्ट अतिथियों के लिए 'एट होम' रिसेप्शन का आयोजन किया जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई गणमान्य मेहमान उपस्थित थे। इसके अलावा 'ड्रोन दीदी' तथा अन्य महिला अचीवर्स को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। 'एट होम' रिसेप्शन में दक्षिण भारतीय पकवानों के साथ कई व्यंजन परोसे गए। 'एट होम' रिसेप्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और डॉ। एस जयशंकर समेत कई हस्तियां शामिल हुईं।

जीवंत कलात्मक और सांस्कृतिक तत्वों का आनंद

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में एट होम रिसेप्शन का आयोजन किया। महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों के अलावा, विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई प्रतिष्ठित नागरिकों ने सरकार के विभिन्न विकास कार्यक्रमों के लाभार्थियों के साथ जगह साझा की। मेहमानों ने कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित जीवंत कलात्मक और सांस्कृतिक तत्वों का आनंद लिया।

जानी-मानी हस्तियों के अलावा विशेष रूप के आमंत्रित लोगों में ड्रोन दीदी, स्टार्टअप के संस्थापकों, प्राकृतिक खेती करने वाले किसान, उपलब्धियां हासिल करने वाले दिव्यांग और अन्य लोग भी थे। दिव्यांगों के साथ उनके सहायकों को भी आमंत्रित किया गया था।

'एट होम' रिसेप्शन के मेन्यू में गोंगुरा अचार भरे कुजी पनियारम (सोरल पत्ते के अचार के साथ तले हुए किण्वित चावल के पकौड़े), टमाटर-मूंगफली की चटनी के साथ आंध्र मिनी-प्याज समोसा, करुवेपिलाई पोड़ी घी मिनी रागी इडली शामिल थे।

इसके अलावा मेन्यू में उडुपी उडिना वड़ा (कुरकुरे दाल के पकौड़े), पोड़ी के साथ मिनी मसाला उत्तपम, कोंडकडलाई सुंडल (मसालों के साथ तले हुए चने), मुरुक्कू, केले के चिप्स, और टैपिओका चिप्स भी परोसे गए थे।

साथ ही मिठाइयों में रवा केसरी (सूजी, घी, चीनी और केसर से बनी मिठाई), परिप्पु प्रदमन (पाम गुड़ के साथ दाल नारियल दूध की खीर), मैसूर पाक, सूखे मेवे पुथरेकलु (गुड़ और मेवों के साथ चावल के स्टार्च की परतदार पेस्ट्री) और रागी लड्डू परोसा गया। इसके अलावा ड्रिंक में ग्रीन वेजिटेबल जूस, ऑरेंज जूस, नारियल पानी, इलायची चाय, फिल्टर कॉफी नीलगिरी और ग्रीन टी शामिल थी।

कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री के घर से 50 लाख के गहने-नकदी चोरी

■ **बीजद ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल**

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता निरंजन पटनायक के घर से 50 लाख रुपये के गहने, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया। शनिवार रात को चोर घर की दूसरी मंजिल में दाखिल हुआ और वारदात को अंजाम दिया। रविवार सुबह पूर्व मंत्री ने जब लॉकर टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए।

पुलिस ने चोर की तलाश शुरू कर दी है। वहीं पूर्व मंत्री के घर हुई वारदात के बाद विपक्षी बीजद ने भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। पूर्व मंत्री निरंजन पटनायक ने बताया कि भुवनेश्वर के नयापल्ली इलाके स्थित उनके घर की दूसरी मंजिल पर चोरी हुई है। वह और उनकी पत्नी पहली मंजिल पर अपने कमरे में सो रहे थे। उनके निजी सुरक्षा कर्मी घर के भूतल पर थे।

इसके अलावा घर में कोई नहीं था। पटनायक ने कहा कि दूसरी मंजिल पर उनके बड़े बेटे का परिवार रहता है। वो भी घटना के वक्त घर पर नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज में चोर रात को 2:40 बजे घर की दूसरी मंजिल में दाखिल होता दिख रहा है। वह यहां बने बेडरूम में जाता है। इसके बाद लॉकर से सोने के गहने और कैश चुरा लेता है। उन्होंने कहा कि संयोगवश दूसरी मंजिल पर कोई नहीं था, नहीं तो हालात कुछ और हो सकते थे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चोरी की वारदात हुई। जिस नयापल्ली इलाके में कई प्रमुख हस्तियां रहती हैं वहां चोरी हो सकती है तो आम नागरिकों के इलाके में सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होते हैं। मामले में नयापल्ली पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। शिकायत के मुताबिक चोर ने 50 लाख रुपये के गहने और ढाई लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पूर्व मंत्री पटनायक से फोन पर बात की और वारदात के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं भुवनेश्वर कटक के पुलिस आयुक्त एस देव दत्ता सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमने जांच शुरू कर दी है। मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। इसके बाद कटक के डीएसपी जगमोहन मीणा और भुवनेश्वर के डीएसपी पिनाक मिश्रा ने पटनायक के घर का दौरा किया और जांच की।

दहेज और घरेलू हिंसा कानून में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसके लिए समाज को बदलना होगा, हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। याचिका में कहा गया था कि मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, ऐसे में इनमें सुधार किए जाने चाहिए। बीते दिनों बंगलूरू में एक इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली थी।

इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कानूनी तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और इंजीनियर ने कानून में कथित खामियों का भी आरोप लगाया था। इंजीनियर की आत्महत्या के बाद समाज में दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों के गलत इस्तेमाल को लेकर बहस छिड़ गई। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कानूनों में सुधार की मांग की गई। याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जजों, वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की मांग की गई थी, जो मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा करे। याचिका में ये भी मांग की गई थी कि ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए कि शादी पंजीकृत कराते समय शादी में मिले सामान और उपहारों को भी पंजीकृत कराया जाए। साथ ही साल 2010 में आईपीसी की धारा 498ए को लेकर एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की थीं, उन्हें भी लागू किया जाए। याचिका में कहा गया कि कानूनों में सुधार से मासूम पुरुषों की जान बचाई जा सकती है और इस कानून का जो उद्देश्य है, वो भी पूरा होता रहेगा।

राहुल गांधी पर कोलकाता में केस दर्ज

कोलकाता। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को उन्हें श्रद्धांजलि देने के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा एक विवादित पोस्ट किए जाने के कारण उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह एफआईआर दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर थाने में दर्ज की गई है। इसमें राहुल गांधी के पोस्ट में नेताजी की मृत्यु की तारीख का उल्लेख करने को लेकर शिकायत की गई है। यह शिकायत स्वयंभू हिंदुत्व समूह अखिल भारतीय हिंदू महासभा द्वारा की गई है। समूह के कार्यकर्ताओं ने दक्षिण कोलकाता में एल्गिन रोड पर नेताजी के पैतृक घर के पास प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी द्वारा की गई विवादित पोस्ट की सामग्री के खिलाफअपना विरोध दर्ज किया।

सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को ईडी का समन, सबूत और रिकॉर्ड पेश करने दफ्तर बुलाया

बंगलूरू। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) भूमि आवंटन घोटाले के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बीएम को समन भेजा। उन्होंने पार्वती को मंगलवार को ईडी दफ्तर में पेश होने के लिए कहा। ईडी के अतिरिक्त निदेशक मुरलीकन्नन ने बताया कि वे धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत मामले की जांच कर रहे हैं। पीएमएलए के तहत जांच या कार्यवाही के संबंध में सबूत देने और रिकॉर्ड पेश करने के लिए पार्वती की को ईडी कार्यालय बुलाया गया है। बता दें कि ईडी के साथ लोकायुक्त भी इस मामले की जांच कर रही है। मुडा साइट आवंटन मामले में यह आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी को मैसूर के एक पॉश इलाके में साइटें आवंटित की गईं, जिसका मूल्य उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था।

इस भूमि को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत किया गया था। मुडा शहरी विकास के दौरान अपनी जमीन खोने वाले लोगों के लिए एक योजना लेकर आई थी। 50:50 नाम की इस योजना में जमीन खोने वाले लोग विकसित भूमि के 50त के हकदार होते थे। यह योजना 2009 में पहली बार लागू की गई थी। जिसे 2020 में उस वक्त की भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। सरकार द्वारा योजना को बंद करने के बाद भी मुडा ने 50:50 योजना के तहत जमीनों का अधिग्रहण और आवंटन जारी रखा। सारा विवाद इसी से जुड़ा है। आरोप है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को इसी के तहत लाभ पहुंचाया गया।

मुख्यमंत्री की पत्नी पर क्या हैं आरोप?

मुख्यमंत्री की पत्नी की 3.16 एकड़ भूमि मुडा द्वारा अधिग्रहित की गई। इसके बदले में एक महंगे इलाके में 14 साइटें आवंटित की गईं। मैसूर के बाहरी इलाके केसारे में यह जमीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने 2010 में उपहार स्वरूप दी थी। आरोप है कि मुडा ने इस जमीन का अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर तृतीय चरण की योजना विकसित कर दी।

महाकुंभ संवाद | *सरकार ने जिन लोगों के हाथों में कुंभ की व्यवस्था दी थी, उनकी कुंभ के प्रति कोई आस्था नहीं थी*

तब मॉरिशस के पीएम प्रयागराज कुंभ में बिना स्नान किए लौट गए थे: योगी

लखनऊ/ए.। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लखनऊ में आयोजित 'महाकुम्भ संवाद' में शामिल हुए। इसमें उन्होंने प्रयागराज में 2013 में आयोजित कुंभ, 2019 के कुंभ के आयोजन और 2025 में आयोजित हो रहे महाकुंभ के आयोजन में आए बदलाव और अंतर के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 2013 के कुंभ में संगम में नहाने आए मॉरिशस के प्रधानमंत्री को संगम की गंदगी देख रोते हुए वापस जाना पड़ा था। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने बिना किसी का नाम लिए उस समय की उत्तर प्रदेश की सरकार पर कुंभ के आयोजन के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाया।

सीएम योगी ने 2013 के कुंभ की दुर्व्यवस्था बताई

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 22 जनवरी को यूपी का पूरा मंत्रिपरिषद प्रयागराज गया था। हमने वहां त्रिवेणी में डुबकी लगाई थी।उन्होंने कहा कि 2013 में प्रयागराज में आयोजित कुंभ में अव्यवस्था फैली हुई थी।

उन्होंने कहा कि आयोजन के प्रति मंशा क्या है, अगर इतने बड़े आयोजन के पीछे अगर व्यक्ति की श्रद्धा नहीं है तो उस आयोजन को सफलतापूर्वक आगे नहीं बढ़ा सकते हैं। दुर्भाग्य से तत्कालीन सरकार ने जिन लोगों के हाथों में व्यवस्था दी थी, क्योंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री के पास इतना समय नहीं होता था कि वो इन विषयों को गंभीरता से देख लें।

उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन प्रदेश की इज्जत का प्रश्न होता है, शासन पर सवाल खड़े होते हैं, लेकिन इसके लिए समय निकालना होता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सुबह 11 बजे सोकर उठेगा और शाम पांच बजे अपनी महफिल में बैठ जाएगा तो उसे कहां से फुर्सत मिलेगी।

कैसी सुधरी कुंभ की व्यवस्था

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2019 में जब प्रयागराज में कुंभ के आयोजन के साथ मुझे जुड़ने का सौभाग्य मिला। कुंभ के ठीक पहले वाराणसी में प्रवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया था। उसमें भाग के लिए मॉरिशस के प्रधानमंत्री जी आए थे, मैंने उनसे आग्रह किया कि प्रयागराज में कुंभ चल रहा है और आप अगर कुंभ में चलकर स्नान करें तो अच्छा रहेगा।उन्होंने कहा कि मॉरिशस एक ऐसा देश है, जिसने गंगा की स्मृति को अपने यहां अच्छी स्मृति के रूप में एक तालाब में जिवंत बनाए रखा है।

आप की नई 'रेवड़ी', रोजगार से लेकर बुजुर्गों का मुफ्त इलाज तक

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अब आखिरी चरण में पहुंच गया है। इस बार दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला बताया जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस भी इस चुनाव में अपनी खोई जमीन तलाशते दिख रही है। दिल्ली चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने सोमवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने घोषणापत्र जारी करते समय दिल्ली की जनता से कई बड़े वादे भी किए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने इसके माध्यम से दिल्ली की जनता को 15 गारंटी दी है। उन्होंने कहा कि हम अगले 5 साल के लिए दिल्ली के लिए 15 गारंटी जारी कर रहे हैं। इन्हें 5 सालों के अंदर पूरा किया जाएगा। दिल्ली वालों को रोजगार देने का वादा - दिल्ली के निवासियों के लिए रोजगार सृजन के "ठोस" कदम का वादा किया। महिला सम्मान योजना - महिलाओं को 2,100 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता का आश्वासन देती है।संजीवनी योजना - वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'संजीवनी योजना' मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी।

छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में भाजपा ने 50 प्रतिशत महिला महापौर उम्मीदवार उतारे

भाजपा ने रायपुर से मीनल चौबे और दुर्ग से अल्का बाघमार को बनाया प्रत्याशी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। पार्टी ने 14 में से 10 नगर निगमों में महापौर पद के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। खास बात यह है कि भाजपा ने 50 प्रतिशत सीटों पर महिलाओं को मौका दिया है। इन पांच में से तीन सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को पार्टी की ओर से यह सूची जारी की गई। भाजपा ने रायपुर से मीनल चौबे को उम्मीदवार बनाया है। मीनल चौबे पार्टी की वरिष्ठ नेता हैं और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। इसी तरह दुर्ग से अल्का बाघमार, कोरबा से संजू देवी राजपूत, बिलासपुर से पूजा विधानी और अंबिकापुर से मंजूषा भगत को महापौर पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। अनुभवी और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को मौका

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने रायपुर स्थित एकात्म परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी ने अनुभवी और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को मौका दिया है। खासकर महिला उम्मीदवारों को टिकट देकर भाजपा ने महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दिखाई है। भाजपा की इस रणनीति को चुनावी मैदान में बड़ा कदम माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं को 50 प्रतिशत टिकट देने का फैसला राज्य में महिलाओं के बीच पार्टी की पकड़ मजबूत कर सकता है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव राजनीतिक रूप से काफी अहम माने जा रहे हैं। महापौर पद के लिए हो रहे इन चुनावों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर देखने को मिलेगी। अब देखना यह होगा कि भाजपा की महिला उम्मीदवार पार्टी को कितनी बढ़त दिला पाती हैं। फिलहाल भाजपा की रणनीति है कि महतारी वंदन योजना के जरिए महिला वर्ग को एकजुट किया जा सके।

महापौर पद के लिए कहां से कौन उम्मीदवार

रायपुर से मीनल चौबे
बिलासपुर से पूजा विधानी
दुर्ग से अलका बाघमार
राजनांदगांव से मधुसूदन यादव
धमतरी से जगदीश रामू रोहरा
जगदलपुर से संजय पांडेय
रायगढ़ से जीवर्धन चौहान
कोरबा से संजू देवी राजपूत
अंबिकापुर से मंजूषा भगत
चिरमिरी से राम नरेश राय।

भाजपा महापौर प्रत्याशी आज से करेंगे नामांकन

रायपुर। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा नगर पालिक निगम के लिए महापौर और नगर के लिए अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। 10 महापौर पद और 47 नपा अध्यक्ष पदों के लिए लिस्ट जारी की गई है। रायपुर नगर निगम में महापौर पद के लिए मीनल चौबे को उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा प्रत्याशी आज से नामांकन करेंगे।

पूर्व विधायक भीमा मंडावी की बेटी ने की आत्महत्या

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में पूर्व भाजपा विधायक स्व. भीमा मंडावी की बेटी दीपा ने देहरादून के हॉस्टल में आत्महत्या कर ली। दीपा फिजियोथेरेपी की पढ़ाई कर रही थीं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगी थीं। पुलिस ने दीपा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हॉस्टल की अन्य लड़कियों व वार्डन से पूछताछ शुरू कर दी है। मंडावी परिवार में यह तीसरी संदिग्ध मौत है। 2019 में नक्सली हमले में विधायक भीमा मंडावी की मौत हो गई थी। इससे पहले उनकी एक बेटी की रायपुर हॉस्टल में गिरकर मौत हो गई थी। दीपा की मां ओजस्वी भीमा मंडावी महिला आयोग की सदस्य हैं। घटना से दंतेवाड़ा में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जाएगी। छग सीएम विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट कर दीपा मंडावी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना जाहिर की है।

नक्सलियों ने की मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या

बीजापुर। बस्तर में सुरक्षा बल से सीधी मुठभेड़ में लगातार मात खा रहे नक्सली बौखला गए हैं। वे निकाय और पंचायत चुनावों से पहले दहशत फैलाने में लगे हैं। ग्रामीणों के बीच डर का वातावरण बनाए रखने के लिए कायरना हरकत करते हुए एक आदिवासी ग्रामीण की मुखबिरी के आरोप में हत्या कर दी है। पुलिस के अनुसार, भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशामुंडी गांव के रहने वाले 41 साल के ग्रामीण भदरू सोढ़ी पिता हिड़मा की 26 जनवरी की शाम को कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। इसके बाद उसकी लाश को सड़क पर ले जाकर फेंक दिया। घटनास्थल से नक्सलियों के भैरमगढ़ एरिया कमेटी की ओर से जारी पर्चा बरामद हुआ है। इसमें नक्सलियों ने भदरु को गद्दार का साथ देने, सलवा जुडूम में काम करने और पार्टी की सूचना पुलिस को देने के आरोप लगाए हैं। भैरमगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर माले की जांच शुरु कर दी है।

मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 28 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लाला लाजपत राय जी का जीवन देश के लिए समर्पण, बलिदान और संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

कांग्रेस ने महापौर और नगर अध्यक्ष की सूची की जारी

रायपुर से दीप्ती दुबे और गैदू लड़ेंगे मेयर का चुनाव

दीप्ति दुबे

मलकीत सिंह गैदू

विनय जायसवाल

विजय गोलछा

जानकी काटजू

प्रेमलता पोषण साहू

निखिल द्विवेदी

अजय तिर्की

निखिल द्विवेदी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में देर रात तक मंथन करने के बाद प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है. रायपुर नगर निगम पर पूर्व महापौर और वर्तमान सभापति प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे को मेयर प्रत्याशी बनाया गया है. अंबिकापुर से अजय तिर्की को एक बार फिर से महापौर पद के लिए उतारा गया है.

मंथन के बाद कांग्रेस ने जारी की सूची

कौन हैं दीप्ति दुबे

रायपुर नगर निगम पर कांग्रेस ने दीप्ति दुबे को मेयर प्रत्याशी बनाया है. दीप्ति दुबे वर्तमान सभापति प्रमोद दुबे की पत्नी है. वे साइकोलाजिस्ट है, उनका मेंटल हेल्थ क्लीनिक है. वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही है. दीप्ति दुबे ने मास्टर्स इन साइकोलॉजी के साथ एमए हिंदी साहित्य किया है. वर्तमान में पीएचडी कर रही हैं. पत्रकारिता में डिप्लोमा होने के साथ-साथ वह मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में काम कर रही हैं।

मेयर प्रत्याशियों की सूची

कांग्रेस ने 10 नगर निगम में मेयर प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है. जगदलपुर सामान्य सीट से मलकीत सिंह गेंदू को महापौर प्रत्याशी बनाया है. चिरमिरी सामान्य सीट से विनय जायसवाल को उतारा है. अंबिकापुर नगर निगम अनुसूचित जनजाति सीट है. यहां से पूर्व मेयर अजय तिर्की को प्रत्याशी बनाया है. रायगढ़ से जानकी काटजू, कोरबा से उषा तिवारी, बिलासपुर से प्रमोद नायक, धमतरी से विजय गोलछा, दुर्ग से प्रेमलता पोषण साहू और राजनांदगांव नगर निगम पर निखिल द्विवेदी को मेयर प्रत्याशी बनाया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 40 नगर पालिका परिषद पर अध्यक्ष पदों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. इसके अलावा 102 नगर पंचायतों के लिए प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है।

एसीबी-ईओडब्ल्यू का कई ठिकानों पर छापा

मोक्षित कारपोरेशन के ठिकानों पर टीम ने दी दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन में हुई गड़बड़ी मामले में ईओडब्ल्यू-एसीबी ने रायपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में गवर्मेंट सम्पलायर मोक्षित कारपोरेशन के कई ठिकानों पर दबिश दी है. यह कार्रवाई सीजीएमएसी के अफसरों एवं मेडिकल सप्लायरों के यहां चल रही है।

जानकारी के मुताबिक, ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम पुलगांव चौक दुर्ग स्थित मोक्षित कारपोरेशन के ऑफिस और दुर्ग कोर्ट के पीछे खंडेलवाल कॉलोनी स्थित सप्लायर के घर समेत सभी भाइयों के ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच कर रही. सिद्धार्थ चौपड़ा और उनके तीनों भाइयों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है।

सीजीएमसीएससी में भ्रष्टाचार

बता दें कि कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य विभाग के सीजीएमसीएससी ने मोक्षित कॉरपोरेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजकोष को किस तरह से खाली किया है ये महज दो साल की 'ऑडिट ऑब्जर्वेशन रिपोर्ट' में सामने आया था। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक करोड़ों की गड़बड़ी की गई है। इस पूरे मामले को लल्लूराम डॉट कॉम ने उजागर किया था। इस पूरे मामले को लेकर 660 करोड़ रुपए के गोल-माल को लेकर भारतीय लेखा एंव लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) आईएएस यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगआ को पत्र लिखा था।

दो साल की ऑडिट में खुली थी पोल

लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमसीएससी की सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था। ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया. जिस हॉस्पिटल में जिस केमिकल और मशीन की जरूरत नहीं वहां भी सप्लाई कर दिया गया. प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी। ऑडिट टीम के अनुसार छ।।स ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था।

धर्म परिवर्तन पर मचा वबाल पादरी सहित तीन गिरफ्तार

मोवा स्थित मितान बिहार कालोनी में मतांतरण पर पुलिस ने की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के मोवा स्थित मितान विहार कालोनी में मतांतरण के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, मितान विहार के एक मकान में लंबे समय से प्रार्थना और क्लास की आड़ में धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना हिंदू संगठन बजरंग दल को मिली थी।

इस सूचना के बाद सोमवार की सुबह हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकान के बाहर पहुंचकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पंडरी थाना पुलिस, सिटी एएसपी, सीएसपी और साथ थाना प्रभारी समेत पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और स्थिति पर नियंत्रण पाया। पुलिस ने मकान के भीतर मौजूद सभी व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर आरोपितों पर अपराध दर्ज किया गया है। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मामले में 5 पुरुषों के अलावा कई महिलाएं, युवती और एक नाबालिग भी शामिल थे। पंडरी थाना पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है और तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और आगे की जांच जारी है। इस घटना ने स्थानीय समाज में हलचल मचा दी है और सभी की नजरें अब इस मामले के आगे के घटनाक्रम पर हैं।

शराब घोटाला : पूर्व मंत्री के बेटे हरीश लखमा से ईडी ने की पूछताछ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 2161 करोड़ रुपये के चर्चित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई जारी है. इस मामले में जेल में बंद छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बेटे हरीश लखमा को ईडी ने तलब किया है. आज सुबह हरीश लखमा अपने वकील के साथ ईडी के दफ्तर पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने उनसे घोटाले से जुड़ी अहम जानकारियों के लिए पूछताछ शुरू कर दी है।

क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला

ईडी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के शासनकाल के दौरान साल 2019 से 2022 तक लाइसेंसी शराब दुकानों पर डुप्लिकेट होलोग्राम लगाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेची जाती थी, जिसके चलते छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था. उस दौरान शराब को स्कैनिंग से बचाने के लिए नकली होलोग्राम भी लगाया जाता था, ताकि वह किसी की पकड़ में न आ सके।

महिला आरक्षित सीट पर कांग्रेस ने उतारा पुरुष उम्मीदवार! वित्त मंत्री चौधरी ने ली चुटकी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है। नगर निगम महापौर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है. वहीं कांग्रेस द्वारा आज जारी की गई प्रत्याशियों की सूची में एक बड़ी गड़बड़ी देखने को मिली है। कांग्रेस ने महिला आरक्षित बरमकेला नगर पंचायत के लिए पुरुष का नाम घोषित कर दिया है. इस पर अब वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कांग्रेस की चुटकी ली है।



सोशल मीडिया एक्स पर कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची साझा करते हुए लिखा कि कांग्रेस ने बरमकेला नगर पंचायत की महिला सीट पर मनोहर नायक को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। लगता है कोई टाइपिंग एरर है. वित्त मंत्री चौधरी ने इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल और कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट को टैग करते हुए लिखा कि अगर टाइपिंग एरर होगा तो थोड़ा ठीक कर लेवें।

पड़ताल में ये है असल सच्चाई

कांग्रेस द्वारा जारी नगर पंचायत की सूची में क्या सच में कांग्रेस ने महिला आरक्षित सीट पर पुरुष प्रत्याशी को उतारा है, या ये सिर्फ टाइपिंग एरर है. इस बात की पड़ताल जब हमने की तो पता चला कि कांग्रेस ने बरमकेला सीट से सत्यभामा को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिनका पूरा नाम सत्यभामा मनोहर नायक है. लेकिन कांग्रेस द्वारा जारी लिस्ट में प्रत्याशी का नाम न डालकर सीधे पति का ही नाम डाल दिया गया।

जुबानी जंग कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पर ही टिकट बेचने के आरोप पर बोले मंत्री केदार कश्यप

अगर कोई कांग्रेसी जीता तो वह जनता को ही लूटेगा: केदार कश्यप

कांग्रेस के लोग योजनाओं का पैसा भी खा जाते है, इनसे सावधान रहे :केदार कश्यप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि अब तक का कांग्रेस का इतिहास रहा है कि जब वह संगठन में रहते हैं तो टिकटों की खरीदी बिक्री करके पैसों की लूट करते हैं और जब सत्ता में रहते हैं तो गरीब जनता को नोच कर, भ्रष्टाचार के माध्यम से पैसा अर्जित करते हैं। श्री कश्यप ने कहा कि कुल मिलाकर कांग्रेस का एजेंडा केवल लूट है अतः जनता को सावधान रहना चाहिए कि कोई भी कांग्रेस का प्रत्याशी चुनकर आएगा तो वह केवल भ्रष्टाचार ही करेगा।

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कांग्रेस में टिकटों की खरीदी-बिक्री के चरम पर होने की खबरों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता ही कांग्रेस के नेतृत्व पर यह आरोप लगाते आए हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले विधानसभा चुनाव में इसके कई मामले सामने आए हैं। कांग्रेस के कई नेताओं ने तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तक पर उंगली उठाई और उनके पूरे पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। श्री कश्यप ने ऐसे अनेक मामलों का जिक्र करते हुए बताया कि राजनांदगाँव के कांग्रेस पार्षद राजेश गुप्ता द्वारा प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव नलिनी मेश्राम से 2 करोड़ रु. में टिकट की डील कराने का झाँसा देकर 30 लाख रु. वसूलने का मामला सामने आया था।

हम भाजपा की तरह नहीं बदलते कैंडिडेट : दीपक बैज

मंत्री केदार कश्यप के बयान पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि केदार कश्यप के वन विभाग भर्ती में कितना भ्रष्टाचार हुआ है. वन विभाग में कितना जमीन बेचे पहले ये बताएं. बीजेपी की तरह हम कैंडिडेट नहीं बदलते. दिन को अलग शाम को अलग. केदार कश्यप बताएं कि भाजपा में प्रत्याशी पैसे लेकर चेंज कर रहे हैं क्या. कांग्रेस की सूची जारी होने और कार्यकर्ताओं की नाराजगी पर पीसीसी चीफदीपक बैज ने कहा कि देर रात दस नगर निगमों की सूची जारी हुई, बेहद संतुलित नाम है, बेहतर प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं. मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे।

छत्तीसगढ़ में चाय बेचने वाले को मिला मेयर का टिकट

मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया पर खुद दी इसकी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव 2025 को लेकर छत्तीसगढ़ बीजेपी ने छत्तीसगढ़ के सभी दस नगर निगमों के महापौर पद के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इन दस नगर निगमों में सबसे बड़ी और खास बात ये है कि पार्टी ने रायगढ़ से चाय बेचने वाले एक कार्यकर्ता को महापौर प्रत्याशी बनाया है। अनसूचित जाति के लिये आरक्षित रायगढ़ नगर निगम से बेहद गरीब कार्यकर्ता जीवर्धन चौहान को भाजपा ने रायगढ़ महापौर प्रत्याशी बनाया है। वे पिछले 29 साल से बीजेपी कार्यकर्ता हैं। चाय बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वीडियो शेयर किया है।

ओपी चौधरी ने खुद ट्वीट कर इस आशय की जानकारी देते हुए लिखा कि 'चाय बेचने वाले 29 साल से पार्टी का कार्य कर रहे जमीनी कार्यकर्ता जीवर्धन चौहान को प्रदेश भाजपा ने रायगढ़ महापौर प्रत्याशी बनाया है।

सुविचार

यदि आप बेहतरीन जिंदगी जीना चाहते हैं तो यह कबूल करना जरूरी है कि जो आपके पास है वह सबसे बेहतर है। - अज्ञात

बांग्लादेश में गृहयुद्ध के हालात

पड़ौसी देश बांग्लादेश में एक बार फिर गृहयुद्ध के हालात निर्मित होने लगे हैं। वहां कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस भी कब देश छोड़कर भाग जाएं इसका कोई भरोसा नहीं है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भी बांग्लादेश छोड़कर लंदन जा चुकी है। जबसे बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ है तब से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत में शरण लिये बैठी है। बांग्लादेश की दोनो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के नेता देश से बाहर है और वहां जो छोटी मोटी राजनीतिक पार्टियां हैं वे लगातार चुनाव कराने की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। जिसकी वजह से वहां हालात बिगड़ते जा रहे हैं। बांग्लादेश की आर्मी भी तीन भागों में बंट चुकी है। आर्मी का एक गुट शेख हसीना का समर्थक है तो दूसरा गुट खालिदा जिया की वापसी कराना चाहता है। सेना की एक गुट ही मोहम्मद यूनुस की काम चलाऊ सरकार का समर्थक है। ऐसे यदि वहां गृहयुद्ध छिडता है तो हालत बहुत गंभीर हो जाएंगे। इस बीच बांग्लादेश के आंदोलनकारी छात्र संगठन के नेता ने शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है। उसका कहना है कि आवामी लीग से चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जाये। जबकि बांग्लादेश में कब चुनाव होंगे यह कोई नहीं जानता वहां के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के लिए अपनी सरकार चला पाना मुश्किल हो रहा है। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। बांग्लादेश की काटन इंडस्ट्रीस अंतिम सांसे गिन रही है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका ने भी अब बांग्लादेश को आर्थिक मदद देने से इंकार कर दिया है। अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश को दी जाने वाली वित्तीय मदद पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इधर चीन ने भी अपने हाथ खींच लिये हैं। चीन का मानना है कि बांग्लादेश ने अमेरिका ने ही तख्ता पलट कराया था और मोहम्मद यूनुस को वहां का कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनवा दिया था।इसलिए अब चीन भी बांग्लादेश की मदद करने से पिछे हट गया है। भारत से तो पहले ही बांग्लादेश ने पंगा ले रखा है। इसलिए भारत द्वारा बांग्लादेश की किसी भी तरह की मदद का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। लेदेकर बस एक पाकिस्तान ही बचा है जो बांग्लादेश का मददगार बना हुआ है। लेकिन पाकिस्तान ही दिवालिएपन की कगार पर पहुंच चुका है ऐसे में वह बांग्लादेश की क्या मदद कर पाएगा। उसके लिए तो यही स्थिति है कि नंगा नहाएगा क्या और निचोड़गा क्या। जाहिर है आर्थिक बदहाली का शिकार हो चुके बांग्लादेश में आगे चलकर स्थिति और ज्यादा गंभीर होने जा रही है। ऐसे में वहां गृहयुद्ध छिड़ जाए तो कोई ताज्जुब नही होगा। रही बात भारत की तो उसके लिए अभी भी यह चिंता का विषय है कि बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं की जान माल की हिफाजत कैसे हो। शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट होने के बाद से वहां के हिन्दुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। यदि बांग्लादेश में गृहयुद्ध भड़कता है तो जाहिर है कि वहां की हिन्दु ही फिर से निशाने पर आएंगे। इसलिए भारत को बांग्लादेश के हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी आवाज उठाने के साथ ही कुटनीतिक प्रयास तेज करने होंगे।

छत्तीसगढ़ के आद्योगिक विकास का नया मार्ग प्रशस्त

धान का कटोरा कहा जाने वाले छत्तीसगढ़ के लिए अब ओद्योगिक विकास का भी नया मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में आयोजित इंवेस्टर कनेक्ट मिट में अमेरिका और रूस के कांसल जनलरों से मुलाकात की और उन्हें छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति से अवगत कराया। इन दोनों ही अधिकारियों छत्तीसगढ़ में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की इच्छा जताई है और छत्तीसगढ़ के अनुकूल कारोबारी माहौल की मुख्य कंठ से प्रशंसा की है नतीजतन छत्तीसगढ़ ने लगभग एक लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव को आकर्षित करने में सफलता प्राप्त की है यही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंई प्रवास के दौरान भारत के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ ही सीधा संवाद किया और उन्हें छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए आशवासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार निवेशकों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। छत्तीसगढ़ खनिज संसांधनों और विदुत उत्पादन के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। यहां आवश्यक खनिज जैसे कायला, लोहा और बाक्साइट आदि प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है और विद्युत के मामलें में भी छत्तीसगढ़ सरपलस राज्य है। छत्तीसगढ़ में उद्योगों के अनुकूल महौल है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर देश के कई प्रमुख समहों ने राज्य में निवेश के प्रस्ताव दिये। छत्तीसगढ़ को लगभग छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं जो छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास की दिशा में मिल का पत्थर साबित होंगे। वास्तव में छत्तीसगढ़ में किसी भी उद्योग के फलने फूलने की अपार संभावनाएं हैं। यहां प्राकृतिक संसाधनों में कमी नहीं है हर तरह का खनिज प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है खासतौर पर इस्पात और सीमेन्ट उद्योग के लिए यहां बेहतर साधन उपलब्ध है। ऊर्जा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ में आपार संभावनाएं हैं इसके अलावा कृषि और खाद्य प्रसंकरण से संबंधित उद्योग के लिए भी अनुकूल अवसर भी उपलब्ध। बस जरूरत इस बात की थी कि छत्तीसगढ़ के निवेश के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए कारगर कदम उठाएं जाएं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश आकर्षित करने रेट कारपेट बिछा दिया है जिसके शीघ्र ही सुपरिणाम सामने आने की उम्मीद की जानी चाहिए।

सशक्तता के बीज : आगामी बजट में भारतीय कृषि सुधार पर जोर

डॉ. नवीन पी सिंह

इसके अलावा, स्पॉट और वायदा बाजारों के विकास को सुसंगत बनाने के लिए लगातार नीतिगत समर्थन आवश्यक है। इस पूरी प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वे इनके बीच तालमेल बिठाते हुए कार्य करें। यह दृष्टिकोण पारदर्शिता को बढ़ावा देगा, मूल्य का पता लगाने की संभावना बढ़ाएगा और एक कृषि बाजार के एक मजबूत इको-सिस्टम का निर्माण करेगा, जो वैश्विक बाजारों में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देते हुए सभी हितधारकों को सशक्त बनाएगा। लघु और सीमांत किसानों की ऋण तक पहुंच बढ़ाना संस्थागत ऋण तक पहुंच छोटे और सीमांत किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है, जिसमें किरायेदार किसान भी शामिल हैं, जिनकी संख्या भारत के शहरीकरण के साथ बढ़ रही है। ये किसान अक्सर अनौपचारिक ऋणदाताओं से उच्च ब्याज दर पर कर्ज लेते हैं। छोटे और पट्टे पर खेती करने वाले किसानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को 20 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 लाख करोड़ रुपये करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने से फसल बीमा अपनाने को बढ़ावा मिल सकता है।

भारतीय कृषि क्षेत्र अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 18 प्रतिशत का योगदान देता है और लगभग 58 प्रतिशत आबादी को आजीविका प्रदान करता है। यह अनिवार्य क्षेत्र खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है और कई संबद्ध उद्योगों का समर्थन करता है। जैसे-जैसे हम वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट के करीब पहुंच रहे हैं, हमें उन असंख्य चुनौतियों को पहचानना चाहिए, जो इसकी स्थिरता और प्रगति को खतरे में डालती हैं। पिछले कुछ समय में, कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव और किसानों का बढ़ता कर्ज फिलहाल कृषि उत्पादकता और कल्याण पर विपरीत प्रभाव डालता है। मध्यम अवधि की चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए स्थायी प्रणालियों को अपनाने की तत्काल आवश्यकता शामिल है, ताकि पारंपरिक कृषि पद्धतियां बाधित न हों। भविष्य का ध्यान रखते हुए, इस क्षेत्र को तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति बनाए रखने के लिए नवाचार को अपनाकर और विकास की ओर बढ़ना चाहिए। नीति निर्माताओं को आगामी बजट में दीर्घकालिक सतत विकास पहलों के साथ इन तत्काल दबावों को रणनीतिक रूप से संतुलित करना चाहिए। संकटग्रस्त किसानों के लिए तत्काल राहत के उपायों को प्राथमिकता देकर, जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों में निवेश करके और नवाचार को बढ़ावा देकर, सरकार कृषि क्षेत्र के लिए एक व्यापक कार्यक्रम बना सकती है, जो आर्थिक विकास का समर्थन करे और भारतीय कृषि के भविष्य को सुरक्षित करे।

कृषि अनुसंधान एवं विकास में ऊंची छलांग - समय की आवश्यकता

भारतीय कृषि अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को बहुत कम धन उपलब्ध है, जो वैश्विक औसत 1 प्रतिशत की तुलना में कृषि सकल घरेलू उत्पाद का केवल 0.4 प्रतिशत है। यह कमी नवाचार और जलवायु-अनुकूल फसलों, जल प्रबंधन और उन्नत कीट नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के लिए समाधान अपनाने में बाधा डालती है। बजट में आरएंडडी आवंटन को दोगुना करना चाहिए, आईसीएआर और एसएयू जैसे संस्थानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) से प्राप्त बेहतर कर लाभों के माध्यम से निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करना चाहिए। ये पहल शिक्षाविदों, उद्योग और किसानों के बीच मजबूत सहयोग पर आधारित इको-सिस्टम का निर्माण करेगी, जिससे ऐसी सफलताएं सुनिश्चित होंगी और कृषि उत्पादकता के साथ-साथ स्थायित्व को बढ़ावा मिल सकता है।

फसल की कटाई के बाद के नुकसान को कम करने हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी दूर करना

भारत में फसल की कटाई के बाद का नुकसान सालाना 10-20 प्रतिशत तक होता है, जो भंडारण, रसद और वितरण संबंधी अक्षमताओं को चिन्हित करता है। कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर कोष के अंतर्गत आवंटन के बावजूद, ये अंतर अपनी जगह कायम हैं। इस बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में भंडारण सुविधा, कोल्ड चेन

और डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि बर्बादी को कम किया जा सके और किसानों का बाजार से संपर्क बढ़ाया जा सके। इसके अलावा, बढ़ते खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र और बढ़ती प्रति व्यक्ति आय भारत में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की मांग को बढ़ाती है। इसके लिए एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला की आवश्यकता होती है। मशरूम की खेती और मधुमक्खी पालन जैसी वैकल्पिक कृषि गतिविधियों में निवेश करने से अतिरिक्त ग्रामीण रोजगार पैदा हो सकते हैं। सूक्ष्म सिंचाई पहलों का विस्तार करने से उत्पादकता में और भी अधिक वृद्धि होने के साथ ही पानी की कमी दूर की जा सकेगी।

जलवायु अनुकूलन : कृषि नीति का एक नया स्तंभ

अप्रत्याशित मौसम, बेमौसम बारिश और मिट्टी के क्षरण के कारण जलवायु परिवर्तन भारतीय कृषि के लिए जोखिम उत्पन्न करता है। फसल विविधीकरण और प्राकृतिक तथा जैविक खेती सहित टिकाऊ प्रणालियों के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता आवश्यक है। जल की कमी वाले क्षेत्रों को कवर करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का विस्तार करना और सौर ऊर्जा से सिंचाई के लिए सब्सिडी प्रदान करना जलवायु के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। तिलहन और दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए लक्षित मिशन-मोड कार्यक्रम जलवायु से जुड़ी चुनौतियों से निपट सकते हैं, साथ ही आयात पर निर्भरता कम कर आत्मनिर्भरता बढ़ा सकते हैं।

फसल विविधीकरण: किसानों की आर्थिक मजबूती का माध्यम

पशुधन, मत्स्य पालन और बागवानी जैसे संबद्ध क्षेत्रों में आय स्रोतों में विविधता लाना किसानों की फसल आय पर निर्भरता को कम करने के लिए आवश्यक है। पशुधन कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 28 प्रतिशत है, और मत्स्य पालन को पशुपालन इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास निधि और पीएमएमएसवाई जैसी लक्षित योजनाओं के माध्यम से अधिक धन की आवश्यकता है। इसी तरह, बागवानी इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश, जैसे कि फ्रीजिंग, भंडारण और प्रसंस्करण से जुड़ी सुविधाएं, इस क्षेत्र की निर्यात क्षमता को बढ़ा सकती हैं। बजट में इन क्षेत्रों को एक ऐसी समेकित कृषि प्रणाली में एकीकृत किया जाना चाहिए, जो किसानों को अधिकतम लाभ प्रदान करे।

डिजिटल कृषि: खेती की परंपराओं में सुधार

कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रिया-कलाप शामिल होने से निर्णय प्रक्रिया और दक्षता में क्रांतिकारी परिवर्तन हो सकता है। पारदर्शिता और बाजार की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ई-एनएएम जैसे प्लेटफॉर्म का विस्तार करके इसमें सभी मंडियों को शामिल किया जाना चाहिए। आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, फसल बीमा और मृदा स्वास्थ्य निगरानी में एआई और ब्लॉकचेन जैसी उन्नत तकनीकों को एक साथ जोड़ने से दक्षता और जोखिम प्रबंधन में काफी सुधार हो सकता है। 10,000 कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की स्थापना के लिए मजबूत वित्तीय और तकनीकी सहायता की आवश्यकता है, ताकि सामूहिक सौदेबाजी और बाजार पहुंच में वृद्धि के माध्यम से लघु एवं सीमांत किसानों को सशक्त बनाया जा सके।

डिजिटल इकोसिस्टम के साथ स्पॉट और वायदा बाजारों को जोड़ना

केंद्रीय बजट में मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम और डेटा-संचालित संरचना विकसित करके स्पॉट और वायदा बाजारों को एक साथ जोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। ई-एनएएम जैसे डिजिटल स्पॉट बाजारों का विस्तार करके इसमें सभी मंडियों को शामिल करना और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक वेयरहाउस रिसीट (ई-डब्ल्यूआर) से जोड़ना किसानों को उनकी फसल की कुल उपज का मुद्रीकरण करने, संकट की स्थिति में बिक्री को कम करने और वैश्विक व्यापार मानकों का अनुपालन करने में सक्षम बना सकता है। वस्तुओं के लिए एक केंद्रीकृत डेटा भंडार, वेयरहाउसिंग सिस्टम, ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और सरकारी एजेंसियों से इनपुट को समेकित करके, वायदा बाजारों में सटीक मूल्य का पता लगाने और जागरूक निर्णय लेने की सुविधा प्रदान कर सकता है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता।1813 में आज ही के दिन यूनाइटेड किंगडम में पहली बार 'प्राइड एंड प्रेजुडिस' किताब का प्रकाशन हुआ था। 1835 में आज ही के दिन पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरू हुआ था। 1846 में 28 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश सेना ने अलीवाल के युद्ध में रंजोध सिंह की सेना को हराया था। 1878 में आज ही के दिन पहला टेलीफोन एक्सचेंज अमेरिका के न्यू हेवन में बना था। 1887 में 28 जनवरी के दिन ही फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टॉवर का काम शुरू हुआ था। 1909 में आज ही के दिन अमेरिका का नियंत्रण क्यूबा पर से समाप्त हो गया था। 1932 में 28 जनवरी के दिन ही जापानी सेना ने शंघाई (चीन) पर कब्जा किया था। 1935 में आज ही के दिन आइसलैंड में गर्भपात को कानूनी स्वीकृति देने वाला पहला देश बना था। 1942 में 28 जनवरी के दिन ही लीबिया के बेंगाजी पर जर्मनी की सेना ने कब्जा किया था। 1943 में आज ही के दिन एडोल्फहिटलर ने सभी युवकों को फौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिंदगी का एक

जिंदगी का एक और वर्ष कम हो चला। कुछ पुरानी यादें पीछे छोड़ चला।। कुछ ख्वाहिशें से दिल में रह जाती है। कुछ बिन मांगे मिल जाती है।। कुछ छोड़ कर चले गए, कुछ नए जुड़ेंगे इस सफर में... कुछ मुझसे बहुत खफा है। कुछ मुझसे बहुत खुश है।। - **गौरी पटले**

कुसुमों का सु वास

कुसुमों का सु वास बसा था तेरी गर्म सांसों में बसंत का मधुमास खिला था तेरी नर्म हाथों में ये जो कुहासा पिघला है तुम्हारे नखों के पोरों पर ऐसे जैसे झरना फूट पड़ा हो मेरे हृदय के कोरो पर तुम्हारे स्पर्श के तापों से अचेतन श्वासो की गति है जैसे उँगलियाँ किरन को छुए बिन ही जली है

- नीरज वर्मानीर

खास पाती | ### मंदिर की दीये सी जलती घर

मंदिर की दीये सी जलती घर आंगन को रौशन करती अंगना में तुलसी सी फलती ईश्वर की वरदान हैं बेटियां ये खिलखिलाती शान बेटियां माँ बाप के दिल का टुकड़ा... भाइयों की हैं अरमान बेटियां आँचल में भर संस्कार हैं लाती बाप की पगड़ी का मान हैं रखतीफिर भी ये कैसी रीत दुनियाँ की दो कुलों की लाज कहलाती फिर भी बेधर बेमान हैं बेटियाँ ।। - **'रश्मि' अभय**

दौर कोई भी हो हम उभर जाएंगे मुश्किलों

दौर कोई भी हो हम उभर जाएंगे मुश्किलों को हटाकर गुजर जाएंगे हौसले अपने अब तक बुलंदी पे है हम अभी जो भी चाहें वो कर जाएंगे हर लहर ने इशारा किया है हमें अब तो गहराइयों में उतर जाएंगे वक्त लगता है लगना हो जितना जहां वक्त से पहले हरगिज़ न मर जायेंगे - **नीरू श्रीवास्तव**

मुहब्बत मौत है गर तो बताओ ज़िंदगी

मुहब्बत मौत है गर तो बताओ ज़िंदगी क्या है तुम अपने आप से पूछो तुम्हारी तिश्नगी क्या है मेरी आँखों से देखो तो, नज़र अपनी उतारोगे नहीं तुमको पता है के तुम्हारी सादगी क्या है बड़े अंजान बनते हो मुहब्बत के नज़ारों से नज़र-अंदाज़ करके पूछते हो दिल्लगी क्या है न जाने कब से बैठे हो, ख़फ़ा होकर ज़माने से समझ अपना बताओ तो ज़रा, नाराज़गी क्या है नहीं मासूम कोई उन के जैसा इस ज़माने में चुराकर दिल को मेरे पूछते हैं वो ठगी क्या है - **दिनेश भोपाली**

कभी ना कहो कि दिन अपने खराब

कभी ना कहो कि दिन अपने खराब हैं ज.समझ लो हम कांटों से घिरे हुए हैं गुलाब हैं ज.रखो हौसला वह मंजर भी आएगा प्यासे के पास चलकर समंदर भी आएगा थक कर ना बैठो ए मंजिल के मुसाफिर मंजिल भी मिलेगी और जीने का मजा भी आएगा। - **अनिल पांडेय**

वेश्या और अभिनेत्री में जब भी कहा

वेश्या और अभिनेत्री में जब भी कहा मेरे दिल ने सहेज कर रखने के लिए किसी एक की तस्वीर को... तो मैंने सहेज कर रख ली तस्वीर वेश्या की और फाड़ दी तस्वीर अभिनेत्री की क्योंकि देह का प्रदर्शन एक की मजबूरी थी और एक का शौक ! देह को बेचना एक का रक्षा करना था , अप्रत्यक्ष रूप से किसी की मां , बहन , बेटी और बहु का ? और एक का उकसाना बलात्कार के लिए कुत्सित मानसिकता के भेड़ियो को ! एक ने जीवन भर किया अभिनय पेट , परिवार और मजबुरियों की खातिर और कटके रह गयी समाज से और दुसरे ने अभिनय की आड में सफलता की ऊंचाईयों को छुने के लिए जीवन भर किया जाने किया कितना कुछ और ना केवल गंदा किया समाज को बल्कि बिगाडा पिढ़ी दर पिढ़ी को!! - **रूबी प्रसाद**

जीवन में कई तरह के पड़ाव आते

जीवन में कई तरह के पड़ाव आते हैं, कई टर्निंग प्वाईंट साबित होते हैं। मुझे ममताकुलकर्णी का यह निर्णय सहज ही लगा, उनके जीवन में कोई टर्निंग प्वाईंट जरुर आया होगा जो वह अध्यात्म की ओर मुड़ गईं। मैं इस बात को स्वीकारती हूँ कि बाहर की दुनियाँ से भी गहरी है हमारे भीतर की दुनियाँ। हम जब अपने भीतर की दुनियाँ से जुड़ जाते हैं तब बाहरी दुनियाँ में नहीं भटकते हैं। - **मोनिका अदया** ह्य

प्रेरक प्रसंग

स्वामी विवेकानंद की दो शिष्याएँ थीं- एक भगिनी निवेदिता (मार्गरेट नोबुल) तथा दूसरी क्रिस्टीना, जिन्हें स्वामी जी कृष्णप्रिया नाम से संबोधित करते थे। निवेदिता स्वामी जी से ढेर सारे प्रश्न पूछती, समाधान भी मिलते, पर क्रिस्टीना थी कि वह मौन बैठी रहती।

स्वामी जी ने उनसे पूछा - "तुम कभी प्रश्न नहीं पूछती। क्या तुम्हारे मन में जिज्ञासाएँ नहीं उठतीं ?"

क्रिस्टीना बोली- "माय मास्टर ! क्वेश्चन्स अराइज इन माय हार्ट बट दे मेल्ट विफोर युअर रेडिएन्स (हे मेरे गुरुदेव ! प्रश्न मेरे हृदय में उठते हैं, पर वे आपकी तेजस्विता के सामने मिट जाते हैं।"), मुझे सभी का जवाब मौन रहकर ही मिल जाता है। यह है आदर्श शिष्य का लक्षण।

QUIZ TIME

1) हाल ही में, भारत माता सरोवर कहाँ स्थापित किया गया?

2) हाल ही में, एशियाई विकास बैंक का 69वां सदस्य देश कौन बना है?

3) हाल ही में, पुलिस स्मृति दिवस 2024 कब मनाया गया?

4) हाल ही में, मेरा होउ चोंगबा महोत्सव 2024 कहाँ मनाया गया?

5) हाल ही में दिवंगत हुए कनक राजू का संबंध किससे है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गुजरात (2) इजराइल (3) 21 अक्टूबर (4) मणिपुर (5) गुसाड़ी लोक नृत्य

आज का पंचांग

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मकर, चंद्र : धनु, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

सूर्योदय : 07:09,सूर्यास्त : 18:11, चन्द्रोदय : 30:13, चन्द्रास्त : 15:58 अयन : उत्तरायण, ऋतुः ?? शिशिर, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) पिंगल, युगाब्द : (कलि संवत) 5125, मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, योग : वज्र, प्रथम करण : गर (08:49 तक), द्वितीय करण : वणिज (20:34 तक)।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त- 12:18 से 13:02, अमृत काल : 28:11+ से 29:47+, विजय मुहूर्त : 14:30 से 15:14,गोधूलि मुहूर्त : 18:09 से 18:35, सायाह्न सन्ध्या : 18:11 से 19:29, निशिता मुहूर्त : 24:14+ से 25:06+, ब्रह्म मुहूर्त : 29:25+ से 30:17+, राहुकाल : 15:00 से 16::30, गुलिक काल : 14:03 से 15:25, यमगण्ड : 11:17 से 12:40, दुर्मुहूर्त : 13:02 से 13:46, वर्ज्य : 07:24 से 09:02, भद्रा : 20:34 से 31:08+, राहुवास : उत्तर-पश्चिम।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

वृष : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा। आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। संतान के किसी काम को लेकर आपका मन परेशान रहेगा।

कर्क : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। शेयर बाजार में आपको थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करना होगा। आप किसी नए मकान की खरीदारी कर सकते हैं।

सिंह : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। नौकरी में आपका प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

कन्याः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है

तुला : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। किसी नए वाहन की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। परिवार में नौकरी से संबंधित कामों को लेकर आपको भाग दौड़ अधिक रहेगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी ने मेहमान के दस्तक हो सकती हैं।

कुंभ : कुंभ राशि के जातकों के लिए आज दिन अनुकूल रहने वालाहै। किसी नई नौकरी का ऑफर आने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

मीनः मीन राशि के जातकों को खुशियां भरपूर मिलेंगी, लेकिन उनके खान-पान में गड़बड़ी होने के कारण पेट संबंधित समस्याएं जन्म ले सकती हैं।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं : 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. [illegible], चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे : 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रिवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकूमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल

महापौर प्रत्याशी प्रेमलता और अलका ने दाखिल किया नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव के लिये कल मंगलवार को नामांकन का अंतिम दिन है। भाजपा, कांग्रेस ने महापौर और पार्षद पद के लिये प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। आज भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार और कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू ने कलेक्ट्रेट जाकर नामांकन दाखिल कर दिया। कल शक्ति प्रदर्शन करते हुए लाव-लश्कर के साथ दोनों दलों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया जाएगा। आज भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार ने नामांकन फार्म जमा किया। उनके साथ शहर विधायक गजेंद्र यादव सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू के साथ सत्यवती वर्मा, भोला महोबिया, अनीस रजा, पोषण साहू सहित अन्य कांग्रेस नेता नामांकन के दौरान मौजूद थे। दोनों ही दलों में कल नामांकन जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन की तैयारी जोरशोर से चल रही है।

गजेंद्र ने किया भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार की जीत का दावा

विधायक गजेंद्र यादव ने दावा किया है कि महापौर पद के लिये भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार प्रचंड बहुमत से विजयी होंगी और दुर्ग नगर निगम की महापौर निर्वाचित होने के बाद शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। भाजपा की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा कि नामांकन फॉर्म का आज पहला सेट जमा किया गया है। केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। अब दुर्ग के शहर सरकार में भी भाजपा का परचम लहराएगा। मोदी जी की गारंटी और विष्णु देव साय के सुशासन में भाजपा सरकार ने मात्र एक साल में ही आधे से ज्यादा चुनावी वायदों को पूरा किया है। चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तरह निगम चुनाव में भी दुर्ग की जनता भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने तत्पर है।

गौरतलब है कि अलका बाघमार इसके पूर्व निगम में पार्षद रह चुकी है और नगर निगम के कामकाज का अनुभव है। उन्होंने निगम में अपील समिति की जिम्मेदारी भी संभाली। भाजपा संगठन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका और जिला भाजपा संगठन में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुकी हैं।

आज 99 पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया :महापौर/अध्यक्ष के 15 नामांकन

कलेक्ट्रेट में आज दिन भर नामांकन जमा करने वालों का तांता लगा रहा। आज पार्षद पद हेतु 99 और महापौर/अध्यक्ष पद के लिये 15 नामांकन जमा किये गए। नगर निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, नपा परिषद कुम्हारी, अहिवारा और अमलेश्वर व नपं धमधा, पाटन व उतई में पार्षद पद हेतु 99 नामांकन जमा हुए हैं। दुर्ग निगम, नपा कुम्हारी, अहिवारा और अमलेश्वर व नपं धमधा, पाटन, उतई में महापौर/अध्यक्ष पद हेतु 15 नामांकन जमा हुए हैं। 27 जनवरी तक पार्षद पद के लिये 321 नामांकन और महापौर/अध्यक्ष पद के लिये 20 नामांकन जमा किये गए हैं। नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिये नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी है।

भाजपा ने जारी की पार्षद प्रत्याशियों की सूची, गजेन्द्र गुट का दबदबा

भाजपा से वार्ड 1 मनीष साहू, वार्ड 2 गोविन्द देवांगन, वार्ड 3 नरेन्द्र कुमार बंजारे, वार्ड 4 लीना दिनेश देवांगन, वार्ड 5 ओमप्रकाश (अमित) पटेल, वार्ड 6 निलेश अग्रवाल, वार्ड 7 कविता विकास सेन, वार्ड 8 खालिद रिजवी (शेरू), वार्ड 9 ज्ञानेश्वर ताम्रकार, वार्ड 10 चन्द्रशेखर चन्द्राकर, वार्ड 11 आशीष चन्द्राकर, वार्ड 12 कुणाल मेश्राम, वार्ड 13 अजित वैद्य, वार्ड 14 ललीता ठाकुर, वार्ड 15 युवराज कुंजाम, वार्ड 16 जगेश यादव, वार्ड 17 सुरूची उमरे, वार्ड 18 देवनारायण चन्द्राकर, वार्ड 19 रंजिता पाटिल, वार्ड 20 सावित्री देवी दमाहे, वार्ड 21 विद्यावती सिंह, वार्ड 22 कांशीराम कोसरे, वार्ड 23 मनोज सोनी, वार्ड 24 जयश्री देशमुख, वार्ड 25 श्रद्धा सोनी, वार्ड 26 चन्द्रभान मंघनानी, वार्ड 27 बलीराम यादव, वार्ड 28 ममता सेन, वार्ड 29, रोशनी साहू, वार्ड 30 श्याम शर्मा, वार्ड 31 हर्षिका संभव जैन, वार्ड 32 जितेन्द्र महोबिया, वार्ड 33 श्रीमती शशि द्वारिका साहू, वार्ड 34 कमल देवांगन, वार्ड 35 कुलेश्वर साहू, वार्ड 36 पूनम दीपक यादव, वार्ड 37 शिव नायक, वार्ड 38 रामचंद्र सेन, वार्ड 39 गुलाब वर्मा, वार्ड 40 सरिता चन्द्राकर, वार्ड 41 जंयती साहू, वार्ड 42 ताम्रध्वज यादव (मोनू), वार्ड 43 विवेक सिन्हा (पिन्टू), वार्ड 44 मनीष कुमार कोठारी, वार्ड 45 संजय कुमार अग्रवाल, वार्ड 46 लीलाधर पाल, वार्ड 47 डॉ. देवनारायण तांडी, वार्ड 48 लोकेश्वरी ठाकुर, वार्ड 49 प्रिती चन्द्रभान चन्द्राकर, वार्ड 50 श्रीमती त्रिवेणी साहू, वार्ड 51 जेम्स एन. (साजन) जोसफ, वार्ड 52 गुलशन गायत्री साहू, वार्ड 53 विनायक नातु, वार्ड 54 हिरौन्दी चंदानिया, वार्ड 55 डॉ भूपेन्द्र साहू (राजेश), वार्ड 56 कुमारी साहू, वार्ड 57 सरस निर्मलकर, वार्ड 58 श्रीमती रेशमा सोनकर, वार्ड 59 श्रीमती निलम सिंह परिहार, वार्ड 60 श्रीमती श्वेता ओझा ताम्रकार का नाम शामिल है।

कांग्रेस ने जारी की पार्षद प्रत्याशियों की सूची, ऐन समय में बदले गए 3 वार्डों के प्रत्याशी

नगर निगम चुनाव के लिये कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी गई है। जारी की गई सूची में कई बड़े उलटफेर देखने मिले हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन जैन, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश शर्मा, पूर्व पार्षद प्रकाश गीते को इस बार टिकट नहीं दी गई है। सूची घोषित होते ही बगावत भी शुरू हो गई है।

कांग्रेस की सूची इस प्रकार है

वार्ड 1. नयापारा चिराग शर्मा, वार्ड 2 राजीव नगर धनवंतरी निषाद, वार्ड 3 मठपारा दक्षिण विजय साहू, वार्ड 4 मठपारा उत्तर प्रेमी ठाकुर, वार्ड 5 मरार पारा विजयंत पटेल, वार्ड 6 ठेठवार पारा राजेश यादव, वार्ड 7 किला मंदिर सरोज यादव, तकिया पारा वार्ड अब्दुल गनी, वार्ड 9 विवेकानंद वार्ड बिजेन्द्र भारद्वाज, वार्ड 10 शंकर नगर पश्चिम दीपेश देवांगन, वार्ड 11 शंकर नगर पूर्व सुनीता देवांगन, वार्ड 12 मोहन नगर पश्चिम मोहित वालदे, वार्ड 13 मोहन नगर पूर्व संजय कोहले, वार्ड 14 सिकोलाभाठा रामकुमारी ठाकुर, वार्ड 15 सिकोला बस्ती दक्षिण उषा ठाकुर, वार्ड 16 सिकोला बस्ती उत्तर आकाश मजूमदार, वार्ड 17 औद्योगिक नगर श्यामा सेन, वार्ड 18 औद्योगिक नगर दक्षिण निर्मला साहू, वार्ड 19 शहीद भगत सिंह दक्षिण हीराबाई रात्रे, वार्ड 20 शहीद भगत सिंह उत्तर किरण साहू, वार्ड 21 तितुरडीह मीरा सिंह, वार्ड 22 स्टेशन पारा लोकेश चक्रधारी, वार्ड 23 दीपक नगर राजकुमार पाली, वार्ड 24 आमदी मंदिर डॉ. पायल पाटिल, वार्ड 25 गायत्री मंदिर मनीषा सोनी, वार्ड 26 संतराबाड़ी आरएन वर्मा, वार्ड 27 पोलसाय पारा मनीष बघेल, वार्ड 28. पचरी पारा शबाना रानी, वार्ड 29 अस्पताल वार्ड श्यामा साव, वार्ड 30. तमेरपारा भोला महोबिया, वार्ड 31 आपापुरा मीना मानिकपुरी, वार्ड 32 ब्राहम्ण पारा संजय ताम्रकार, वार्ड 33. चंडी मंदिर अम्बा भूपेन्द्र सेन, वार्ड 34 शिवपारा कन्या ढीमर, वार्ड 35 रामदेव मंदिर शत्रुहन चक्रधारी, वार्ड 36 गंजपारा प्रितिम गुप्ता, वार्ड 37. आजाद वार्ड श्रद्धा सोनी, वार्ड 38. मिलपारा मनोज सिन्हा, वार्ड 39 कचहरी पारा शकुन ढीमर, वार्ड 40 सुराना कालेज दानेश्वरी देशमुख, वार्ड 41 केलाबाड़ी रुबिना खोखर, वार्ड 42 कसारीडीह पश्चिम शिवाकांत तिवारी, वार्ड 43 कसारीडीह पूर्व दीपक साहू, वार्ड 44 घासीदास वार्ड प्रकाश जोशी, वार्ड 45. पद्मनाभपुर सामान्य आयुष शर्मा, वार्ड 46. पद्मनाभपुर नीलरतन सोनी, वार्ड 47. सिविल लाइन सेनापति रुद्रनाथ, वार्ड 48. सिविल लाइन दक्षिण महेश्वरी ठाकुर, वार्ड 49. बोरसी पश्चिम भास्कर कुण्डले, वार्ड 50 बोरसी पूर्व रेखा बंजारे, वार्ड 51. बोरसी उत्तर रमेश देशमुख, वार्ड 52 बोरसी दक्षिण सुधीर चंदेल, वार्ड 53 पोटियाकला उत्तर अंशुल पाण्डेय, वार्ड 54. पोटियाकला दक्षिण सुनीता चंदनिया, वार्ड 55. पुलगांव अश्वनी निषाद, वार्ड 56. बघेरा संतोष सोनी , वार्ड 57 उरला जमुना साहू, वार्ड 58 उरला ज्ञानी देवांगन, वार्ड 59 कातुलबोड़ निकिता सिंह, वार्ड 60 कातुलबोड़ नीरा खिचारिया।

■ न्यूज गैलरी

महापौर व आयुक्त ने फहराया ध्वज

रिसाली। नगर निगम महापौर शशि सिन्हा ने मुख्य कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मुख्य समारोह से पहले टंकी ऑफिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महापौर ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन संविधान लागू हुआ था। स्वतंत्र भारत में प्रत्येक नागरिक को उसका अधिकार मिलना चाहिए। इस अवसर पर निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी मेंबर सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, जहीर अब्बास, पार्षद अनूप डे, ईश्वरी साहू, जमुना ठाकुर, रमा साहू, विलास बोरकर, धर्मेन्द्र भगत, सरिता देवांगन, रेखा देवी, सविता ढवस, सारिका साहू, माया यादव आदि उपस्थित थे।

निगम में मनाया गणतंत्र दिवस

भिलाईनगर। निगम के सभी जोन कार्यालय में सुबह 7:30 बजे जोन आयुक्त, जोन अध्यक्ष, वार्ड के पार्षदगण और मुख्य कार्यालय में 8 बजे महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे सहित अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। यूनियन कार्यालय, नेहरू नगर चौक, शहीद उद्यान में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य आदित्य सिंह, मालती ठाकुर, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, गणमान्य नागरिकगण, स्थानीय निवासी, छात्र-छात्राएं, एनसीसी, नेवी, स्काउट गाईड के कैडेट, निगम के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

दुर्ग नगर निगम : प्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले महापौर चुनावों में भाजपा का रहा है दबदबा

त्रिकोणीय संघर्ष में आसानी से जीतती रही भाजपा, इस बार सीधे मुकाबले में कठिन है डगर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी घोषित किये जाने के साथ ही चुनावी समीकरण और हार जीत को लेकर अटकलों का दौर तेज हो चुका है। प्रदेश में इस समय भाजपा की सत्ता है और इस लिहाज से नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। लेकिन, दुर्ग नगर निगम चुनावों के इतिहास पर नजर डालें तो पता चलेगा कि यहां के राजनीतिक समीकरण एकदम अलग है। भाजपा की सत्ता के बावजूद इस बार के चुनाव में दोनों दलों के लिए जीत की राह आसान नहीं है।

प्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले चुनाव में दुर्ग नगर निगम में इस बार कांग्रेस-भाजपा का सीधा मुकाबला होगा। इससे पहले हुए चुनावों में त्रिकोणीय मुकाबले के कारण भाजपा की जीत की राह आसान होती रही। कांग्रेस से बगावत कर चुनावी सीन में तीसरी ताकत बनने वाले प्रत्याशी ने थोक भाव में कांग्रेस के वोट काटे और भाजपा की जीत का रास्ता खोल दिया। लेकिन इस बार तिकोना मुकाबला नहीं होगा। मौजूदा चुनावी सीन में तीसरी ताकत के पूरी तरह गायब होने के कारण सीधे आर-पार की जंग होगी।

अब जरा पिछले ढाई दशक के चुनावी इतिहास पर नजर डालें। दुर्ग नगर निगम में पब्लिक के मतदान से महापौर का चुनाव सबसे पहले 1999 में हुआ। उस समय त्रिकोणीय मुकाबले में तीसरी ताकत बनकर उभरी शैलजा पांडेय ने बड़ी तादाद में कांग्रेस के वोट काटे। नतीजा ये हुआ कि भिलाई से आकर दुर्ग में महापौर चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कांग्रेस प्रत्याशी चंदादेवी शर्मा को हरा दिया।

इसके बाद 2004 में हुए महापौर चुनाव में मदन जैन और सरोज पांडेय के बीच सीधा मुकाबला हुआ, जिसमें सरोज पांडेय भारी लीड के साथ विजयी रही। इस जीत में मतदान से 12 घंटे पहले उड़ाई गई अफवाह का बड़ा रोल रहा। मतदान से ठीक एक दिन पहले शाम के समय पूरे शहर में अफवाह उड़ी कि भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय की माताजी का निधन हो गया। अगले दिन मतदान के दौरान दुर्ग के मतदाताओं ने सहानुभूति जताते हुए सरोज के पक्ष में जमकर वोटिंग की। मतदान होने के बाद बताया गया कि माताजी स्वस्थ हैं। कांग्रेस ने आरोप भी लगाया कि हार के डर से अफवाह फैलाई गई।

2009 में हुए चुनाव में एक बार फिर तिकोना संघर्ष हुआ, जिसमें कांग्रेस से बागी होकर चुनाव लडने़ वाले राजेंद्र साहू ने तीसरी ताकत बनकर इतना माहौल बनाया कि उनकी चुनावी जीत लगभग तय थी। मतगणना के दिन शाम तक राजेंद्र विजय द्वार से महज कुछ फासले पर खड़े थे। इसके बाद घटनाक्रम तेजी से बदले। मतगणना स्थल की बिजली गुल कर दी गई। अफरातफरी मचने लगी। चुनाव नतीजे पलट गए। मतपत्र इधर से उधर करने केआरोपों के साथ हंगामा मच गया। नतीजा ये हुआ कि राजेंद्र साहू चुनाव हार गए। भाजपा प्रत्याशी डॉ शिव कुमार तमेर चुनाव जीतकर महापौर बन गए। कांग्रेस प्रत्याशी शंकरलाल ताम्रकार तीसरे स्थान पर रहे।

2014 में हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी नीलू ठाकुर और भाजपा प्रत्याशी चंद्रिका चंद्राकर के बीच हुए मुकाबले में दीपा मध्यानी तीसरी ताकत बनकर मैदान में उतरी। कांग्रेस से बगावत करने वाले शहर के एक प्रमुख नेता प्रताप मध्यानी की पत्नी दीपा मध्यानी के कारण कांग्रेस को हुए भारी-भरकम नुकसान से चंद्रिका चंद्राकर की जीत सुनिश्चित हो गई।

2019 में पब्लिक ने महापौर पद के लिये मतदान नहीं किया। महापौर का चुनाव निर्वाचित पार्षदों ने किया। कांग्रेस नेता धीरज बाकलीवाल महापौर चुने गए। यानी बीते 25 वर्षों के चुनावी सीन का आकलन करें तो पता चलेगा कि पांच बार महापौर चुने गए। इसमें से चार बार मतदाताओं के प्रत्यक्ष मतदान से महापौर का चुनाव हुआ। तीन बार कांग्रेस के दमदार बागियों ने पार्टी के वोट काट दिये जिससे भाजपा की जीत हुई। एक बार अफवाह फैलाकर सहानुभूति बटोरने के कारण भी भाजपा को विजय मिली।

इस बार के चुनाव में भाजपा से अलका बाघमार और कांग्रेस से प्रेमलता साहू चुनाव मैदान में हैं। फिलहाल दोनों दलों के प्रत्याशियों के प्लस-माइनस फैक्टर गिनाए जा रहे हैं। दोनों दलों में पार्षद प्रत्याशियों के खिलाफ भितरघात और खुलाघात की खबरें भी मिलने लगी है। दोनों दलों में पार्षद पद के बागियों के कारण महापौर चुनाव पर असर पडना़ भी तय माना जा रहा है। अब देखना ये है कि महापौर के सीधे मुकाबले में दुर्ग शहर की जनता किस पर भरोसा जताती है। फिलहाल ये माना जा रहा है कि कांग्रेस या भाजपा की जीत आसान नहीं होगी।

प्राथमिक शाला चिंगरी में न्योता भोज

नवप्रदेश संवाददाता

अंजोरा। 27 जनवरी को प्राथमिक शाला चिंगरी में एक भावपूर्ण आयोजन हुआ, जिसमें पोषण लाल साहू (सेवानिवृत्त शिक्षक) ने अपने दिवंगत पिता गरीबदास साहू (सेवानिवृत्त शिक्षक) की पुण्यस्मृति में न्योता भोज का आयोजन किया। इस आयोजन में श्री साहू ने प्राथमिक शाला चिंगरी के बच्चों को खीर पूरी और केला वितरित किया, जो उनके पिताजी की स्मृति में एक श्रद्धांजलि थी। इस आयोजन में श्री साहू ने अपने पिताजी की याद में भावनात्मक शब्दों में कहा कि उनके पिताजी ने हमेशा शिक्षा और समाज सेवा को महत्व दिया था। उन्होंने कहा कि उनके पिताजी की स्मृति में यह आयोजन करना उनके लिए एक सम्मान की बात है। उन्होंने बच्चों को भी संबोधित किया और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। इस आयोजन में प्राथमिक शाला चिंगरी के शिक्षकों और बच्चों ने भी भाग लिया और श्री साहू के इस आयोजन की प्रशंसा की। बच्चों ने खीर पूरी और केला खाकर बहुत आनंद लिया और धन्यवाद दिया। आयोजन के माध्यम से श्री साहू ने पिताजी की स्मृति को सम्मानित किया व समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया। यह आयोजन एक अच्छी शुरुआत है और इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलेगी।

12 वीं मार थियोडोसियस इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। 12 वीं मार थियोडोसियस फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला एम.जी.एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6, भिलाई विरुद्ध मैत्री विद्या निकेतन, रिसाली के बीच खेला गया। स्कूल के फुटबॉल मैदान में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय फुटबॉल टीम के चयनकर्ता शांतनु घोष थे। समारोह में अन्य विशिष्ट अतिथियों में रेव. फा. शाजी एम. बेबी (स्कूल के उपाध्यक्ष), कॉरेस्पोंडेंट के. सी. मैथ्यू, स्कूल मैनेजिंग कमेटी के सदस्य, सजीव सुधाकरन (निदेशक मैत्री विद्या निकेतन), टी. एन्टो जेकब (प्रधानाचार्य), प्रधानाध्यापिकाएं और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। चार दिन तक चले टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के बीच वास्तविक खेल भावना और नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रार्थना से हुई। इसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण में बेन्जामिन एम. सी., खेल विभाग के प्रमुख ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में सभी की मेहनत और खेल भावना की सराहना की और अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य टी. एन्टो जेकब ने कार्यक्रम से जुड़े लोगों की मेहनत की सराहना की। मुख्य अतिथि शांतनु घोष ने अपने संबोधन में टूर्नामेंट के आयोजकों की सराहना की और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर दिया और टीम वर्क व खेल भावना के महत्व को बताया। मैच के बीच, कक्षा 5 वीं के छात्रों ने अपने एरोबिक डांस प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन किया। टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने मिली, जिसमें एम.जी. एम. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6, भिलाई ने 2-0 से जीत हासिल की।

एमजीएम के फुटबॉल कोच मुकेश श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ टीमवर्क, अनुशासन और आपसी समन्वय से टीम को जीत दिलाई। रोशन दुधभूरे एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भिलाई के गोलकीपर) ने गोल बचाकर इस जीत में अहम योगदान दिया। समापन समारोह में विजेता टीमों और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : नामांकन शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये 27 जनवरी से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तारीख 3 फरवरी निर्धारित है। नामांकन कार्यालयीन दिवस पर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक लिये जाएंगे। जिला पंचायत सदस्य के लिये जिला पंचायत दुर्ग कार्यालय और जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंच के लिये जनपद पंचायत दुर्ग/ धमधा/ पाटन तथा प्रत्येक जनपद पंचायत क्षेत्र के विभिन्न कलस्टर में नामांकन लिये जा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्यों के नामांकन फार्म वितरण व जमा करने के लिये जिपं दुर्ग के द्वितीय सभागार, द्वितीय तल में रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष बनाया गया है, जिसमें बरजंग दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी को रिटर्निंग ऑफिसर और 12 क्षेत्रों हेतु कुल 4 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये हैं। क्षेत्र कमांक 1 से 3 के लिये क्षमा यदु, 4 से 6 हेतु काव्या जैन, 7 से 8 हेतु अजीत चौबे, 9 से 10 के लिये वसुमित्र दीवान और 11 से 12 के लिये हर्षवर्धन सिंह को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नाम निर्देशन के पहले दिन जिला पंचायत सदस्य के लिये कुल 7 नाम निर्देशन फार्म वितरित किये गए। 2 फार्म आज जमा हुए हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 और जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 के लिए नामांकन जमा किया गया है।

इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र के 25 पद के लिए 01 नामांकन पत्र, सरपंच के 1466 पद के लिए 14 नामांकन पत्र और पंच के 1695 पद के लिए 220 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी मीना साहू व सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गये।

जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र 24 के लिए 04 नामांकन फार्म प्राप्त किये गये, सरपंच के 73 पद के लिए 6 और पंच के 1315 पद के लिए 118 आवेदन रिटर्निंग अधिकारी पंचराम सलामे और सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्राप्त किया गया। जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र 25 पद के लिए 1 नामांकन पत्र, सरपंच के 119 पद के लिए 12 नामांकन पत्र और पंच के 1734 पद के लिए 157 नामांकन फार्म रिटर्निंग अधिकारी तारसिंह खरे व सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्राप्त किये गए हैं।

आयोजन | **भारतीय गणंत्रत की यात्रा में हमने उन्नत विकसित प्रजातंत्र का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया: डॉ. रमन**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। 76 वां गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। स्थानीय स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में महासमुंद सांसदरूपकुमारी चौधरी ने मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकार परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। सांसद श्रीमती चौधरी ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 54 शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक विभगीय झांकियों ने दर्शकों का मन मोहा। इसके साथ ही पहली बार डॉग शो का भी आयोजन किया गया जिसमें जर्मन शेफर्ड डॉग कोका के प्रदर्शन ने खूब तालियां बटोरी।

स्पोर्टस स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि ने कलेक्टर व एसपी के साथ परेड निरीक्षण किया। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया, जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड एवं रेडक्रॉस की टुकड़ियों ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्रीमती उषा ठाकुर एवं परेड 2 आईसी मेघनाथ बंजारे ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। मुख्य अतिथि ने जिलें के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू, टेकराम वर्मा के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों श्रीमती रेखा आडिल, रमन अग्रवाल, दुलेचंद वर्मा, श्रीमती किरण देवी चौहान का श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना। 54 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित- अधिकारी-कर्मचारियों का उनके बेहतर सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। जिसमें राजस्व विभाग से श्रीमती सोहद्रा ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, शिवशंकर ठाकुर, परसराम देवांगन, पीलूदास, नारायण प्रसाद चौहान, लोभाराम भोई, सुखसागर दास मानिकपुरी, कुमार अग्रवाल, सहकारिता विभाग से देवेन्द्र कुमार नेताम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से चतुरराम साहू आदि शामिल है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान

सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभगीय झांकी ने मोहा मन

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में गणतंत्र दिवस मनाया गया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कॉर्पोरेट कार्यालय, नवा रायपुर में 76वां गणतंत्र दिवस पूरे उल्लास, गौरव और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार अरोरा ने ध्वज वंदन किया और सभी उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम मे गरिमामय उपस्थिति महाप्रबंधक श्री विजय कुमार अग्रवाल, श्री अवास कुमार सतपथी, श्री विजय वसंत रायकवाड़, सहायक महाप्रबंधक श्री अमरजीत सिंह खानुजा सहित बैंक के सभी विभाग प्रमुख, कर्मचारी, उनके परिवारजन और आमंत्रित अतिथिगण रहे। कार्यक्रम में बच्चों और बैंक कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। समारोह का समापन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।

ब्रम्हचारी आश्रम में लक्ष्मी नारायण यज्ञ की तैयारी जोरों पर

डोंगरगांव/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रह्मचारी आश्रम में 2 फरवरी से होने जा रहे पंच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ की तैयारी जोर शोर से चल रही है प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत श्री त्रिलोचन ब्रह्मचारी के संरक्षण में होने जा रहे इस धार्मिक आयोजन में आंचल सहित अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु पधार कर धर्म लाभ लेंगे एवं साधु संतों का भी जमावड़ा रहेगा आगामी 2 फरवरी माघ शुक्ल बसंत पंचमी को कलश यात्रा प्रायश्चित कर्म पंचांग पूजन दस विधि स्नान मंडप प्रवेश के साथ यज्ञिक कर्म का शुभारंभ प्रधान यज्ञ आचार्य पंडित बसंत तिवारी जी ग्राम पटेली,एवं अन्य वैदिक पंडितो के द्वारा विधिवत् रूप से किया जाएगा। गूढ़ राम कथा कहेंगे मानस काग जी महाराज।। आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रह्मचारी जी ने बताया की कुछ कारणवश कार्यक्रम में फेर बदल होने के कारण तीर खेड़ी आश्रम के संत राम ज्ञानी दास जी के द्वारा श्री राम कथा के स्थगित होने के कारण दिनांक 6 से 12 फरवरी तक मानस के रहस्यों के विवेचन कर्ता एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के 11वीं पीढ़ी के संत मानस का जी महाराज राजापुर (चित्रकूट) के द्वारा अच्छा राम कथा आयोजित है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व दिनांक चार एवं पांच फरवरी को आंचल की ख्याति लब्ध मानस के व्याख्या कार मानस संगोष्ठी में भाग लेकर मानस चर्चा करेंगे उन्होंने क्षेत्र वासियों को इस यज्ञ कार्यक्रम में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील धर्म प्रेमियों से की है।

कांग्रेस पार्टी ने निखिल पर खेला दांव

राजनांदगांव/नव प्रदेश। प्रदेश के साथ-साथ राजनांदगांव में भी होने जा रहे हैं नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने एक नया दांव एक नई रणनीति के तहत पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खासम खास निखिल द्विवेदी को महापौर की टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है निखिल द्विवेदी कॉलेज की राजनीति एवं सामाजिक कार्यो एवं महाकाल यात्रा को लेकर युवाओं एवं लोगों के बीच अच्छी खासी लोकप्रिय हो गए हैं युवाओं के बीच पकड़ एवं कांग्रेस सरकार में उनकी कार्यशैली से कांग्रेस पार्टी को जो मजबूती प्रदान हुई है उसको देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने उन पर गांव खेल है कड़े मुकाबले की संभावना है।

धमतरी में मनाया गया गणतंत्र दिवस

शान से लहराया तिरंगा, गूंज उठा भारत माता की जय

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी ज़िले में गणतंत्र दिवस समारोह आज पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय तरीके से मनाया गया। ज़िला मुख्यालय में स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में सांसद, लोकसभा क्षेत्र रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि सुबह नौ बजे ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के बाद हर्ष फायर और एकता के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए।

मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया ध्वजारोहण

रंग-बिरंगी पोषाकों में स्कूली विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-

समारोह में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुजगहन के 100 विद्यार्थियों ने व्यायाम का प्रदर्शन किया और स्कूली बच्चों द्वारा रंग-बिरंगी पोशाको में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डॉ.शोभाराम देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी द्वारा जुम्बा पीटी प्रदर्शन, श्रवण बाधितार्थ विद्यालय द्वारा देशभक्ति प्रदर्शन, बाल संरक्षण गृह द्वारा देशभक्ति योगा प्रदर्शन, मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा सम्बलपुरी नृत्य, मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा पंजाबी-हरियाणी नृत्य, एकलव्य विद्यालय पथरींडीह और नूतन इंग्लिश स्कूल द्वारा देशभक्ति रिमिक्स नृत्य, नवोदय विद्यालय कुरूद द्वारा देशभक्ति नृत्य और सर्वोदय स्कूल द्वारा लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं।

12 विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन

इन आकर्षक प्रस्तुतियों के बाद 12 विभागों द्वारा जीवंत झांकियों का प्रदर्शन भी दर्शक दीर्घा में उत्साह का संचार कर गया। इनमें वन विभाग की ''मानव-वन्यप्राणी सह अस्तित्व'', पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ''जनमन'' बसाहटों में कमार जनजातियों का सर्वांगीण ग्रामीण विकास'', आयुक्त नगरपालिक निगम ''शहर में घर-घर कचरा संग्रहण एवं रोड नालियों की साफ-सफाई'', आदिम जाति कल्याण विभाग की ''देवगुड़ी निर्माण'', महिला एवं बाल विकास विभाग की ''बाल विवाह मुक्त धमतरी'', पशु चिकित्सा विभाग की ''21 वीं राष्ट्रीय पशु संगणना'',उद्यानिकी विभाग की ''उद्यानिकी योजनाओं एवं अभिसरण से प्रधानमंत्री-जनमन कृषकों का आर्थिक उत्थान'', कृषि विभाग की ''जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं फसल चक्र परिवर्तन'', लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ''कमार बसाहटों में सोलर आधारित जल प्रदाय योजना'', जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मिशन की झांकी तथा जिला आयुर्वेद विभाग की ''सुप्रजा एवं रसशाला'' झाकियां शामिल है।

12 प्लाटूनों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट-

आज के समारोह में सशस्त्र बलों एवं एनसीसी, स्काउट, गाईड की 12 प्लाटूनों द्वारा ताल से ताल मिलाकर किया गया मार्च पास्ट विशेष आकर्षण रहा। प्लाटून कमांडर गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल पुरूष, कमला सिन्हा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल महिला, मेजर कलीराम ध्रुव के नेतृत्व में नगर सेना बल पुरूष, ज्योति जांगड़े के नेतृत्व में नगर सेना बल महिला, एमयूओ दिव्या के नेतृत्व में एनसीसी सीनियर डिवीजन बालक/बालिका (कॉलेज), हर्ष साहू के नेतृत्व में नेवी सर्वोदय विद्यालय धमतरी, वैभव सोनी के नेतृत्व में एनसीसी जूनियर डिवीजन बालक मॉडल स्कूल, निधि सोनकर के नेतृतव में एनसीसी जूनियर डिवीजन बालिका नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, वीर सोनकर के नेतृतव में स्काउट, यामिनी साहू के नेतृत्व में गाइड, राहुल नेताम के नेतृत्व में रेडक्रॉस और दिशा धीवर के नेतृत्व में जुनियर थल सेना के दलों ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया और आगंतुकों के मन-मस्तिष्क में देशभक्ति की भावना जागृत की।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में किया ध्वजारोहण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया। श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अरविन्द पाण्डेय, श्री नवीन भगत, कोषालय अधिकारी श्री पी.सी. खलको, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री दीनबंधु ध्रुव, खाद्य अधिकारी श्री सुधीर गुरू, खनिज अधिकारी श्री फागुलाल नागेश, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री अशोक पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री हेमनाथ सिदार, कार्यालय अधीक्षक श्री सुदामा ठाकुर सहित सभी जिला अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनसीसी इकाई में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्षा के मुख्य आतिथ्य में प्राचार्य संजय एक्का के द्वारा तिरंगा फहराने के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय गान गाया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के निर्देशन में तैयार करवाई गई विद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के छात्र सैनिकों ने मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी?। विद्यालय के नन्हें छात्र छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर जवानों की वीरता और देशप्रेम से ओतप्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई। इस सुअवसर पर एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के निर्देशन में एनसीसी युनिट के प्रतिभाशाली छात्र सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्र सैनिक सीएसएम तेजेश सोनकर, सीएसएम वैभव आदित्य दूबे, सी क्यू एम एस शिवम साहू, सार्जेंट विभाष दाऊ, सार्जेंट श्रेया ठाकुर, सार्जेंट उमा वर्मा, कैडेट निश्छला साहू, लक्ष्मी वर्मा, मोनिका देवांगन, राजीवनयन साहू, माही सोनी, दीक्षा तारक,को सत्रगत आयोजित विभिन्न गतिविधियों और एवं शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया साथ ही विशेष सहयोग हेतु व्याख्याता कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड़ को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर शाला विकास प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता बी एल ध्रुव, एम एल सेन, संजय श्रीवास्तव, संतोष सूर्यवंशी, कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड़, गोपाल देवांगन, मधू गुप्ता, विक्रम सिंह ठाकुर, शिखा महाड़िक, अंजु मार्कण्डे, नीता यादव, सरिता साहू, नारायण लाल साहू, साक्षी जपे, प्रणिती चंद्राकर, नेहा सिंह, पिंकी तारक, सरिता साहू, पुणेन्द्र बाघमार, पूजा मिश्रा, अंगेश गंगेले, कैलाश साहू, उपासना भगत आदि की सहभागिता रही। समारोह के अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया।

संयुक्त मंडल में हुआ ध्वजा रोहण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल के तत्वाधान के अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह में बजरंगपुर नवागांव में स्थित भवन में ध्वाजा रोहण संघ के द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में संघ के सभी मण्डलियाँ मिलकर राष्ट्रीय गीत भजन प्रस्तुत की गई। संघ के संयुक्त सचिव मोहन सेन ने बताया इस कार्यक्रम में सभी जन अधिक से अधिक संख्या में लोगों ने भाग लिया।

बलौदाबार में कलेक्टर ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

बलौदाबाजार। गणतंत्र दिवस के 76 वां वर्षगांठ के मौके पर आज सुबह 8 बजें सँयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक सोनी ने झंडा फहराया।साथ ही परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर, शहीद वीर नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ महातारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दिए। इस दौरान जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सभी से रूबरू भी हुए। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते, मिथलेश डोंण्डे, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

कलेक्टर नम्रता गांधी ने किया ध्वजारोहण

धमतरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। कलेक्टर सुश्री गांधी ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर ने सभी अधिकारी, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय जिम्मेदारियों को लेकर हम सब देश के लोगों के विकास के लिए काम करने वाले तंत्र का हिस्सा हैं। हमें शासकीय, अधिकारी, कर्मचारी के रूप में आमजनों को सभी काम नियमानुसार बिना विलंब किए समयावधि में पूरे करने चाहिए। कलेक्टर ने पिछले एक वर्षों में जिले में विकास कार्यों में सहयोग और समन्वय के लिए सभी के प्रति आभार भी जताया। उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों का इस तरह से निर्वहन करना चाहिए कि आम जनता को वास्तविक रूप में लोकतंत्र और गणतंत्र का आधार होने का एहसास हो सके। कलेक्टर ने सभी से अपील की कि जिले के गरीब, पिछड़े और आमजनों की परेशानियों को दूर करने, उनके विकास के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं को पूरी ईमानदारी से समयावधि में पूरा करें और जिले, राज्य और देश के विकास में भागीदार बने। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस

मुख्य अतिथि संजीव शाही ने बेस्ट वर्कर पुरस्कार एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए

लौह नगरी किरंदुल की एनएमडीसी परियोजना द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

किरंदुल। लौह नगरी किरंदुल की फुटबॉल ग्राउंड में देश का 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि संजीव शाही, मुख्य महाप्रबंधक तथा प्रेमलाल यादव, परियोजना के वरिष्ठ कर्मचारी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने सीआईएसएफ जवानों, एनसीसी कैडेट, एनएसएस एवं स्कूल छात्र-छात्राओं की परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने देश के विकास में एनएमडीसी द्वारा दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान बताया गया। परियोजना कर्मचारियों से उत्पादन-उत्पादकता के कीर्तिमान हासिल करने की अपील एवं सीएसआर के तहत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों को भी बताया। मुख्य अतिथि ने ÷बेस्ट वर्कर पुरस्कार÷ एवं अन्य पुरस्कार प्रदान किए। प्रकाश विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय गान एवं एकता गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यामंदिर स्कूल एवं भारतमाता स्कूल, गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा डीएवी, केवीएस, बीआईओपी स्कूल एवं प्रकाश विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक/देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां की गईं। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि संजीव साही, मुख्य महाप्रबंधक द्वारा आनन्द मेले का भ्रमण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि मंजू साही, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति, आर. राजाकुमार, महाप्रबंधक (उत्पादन), बी. के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक), एस. के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), कमाण्डेण्ट, सीआईएसएफ देवरायलू, अध्यक्ष, राजेश संधू, सचिव, एसकेएमएस, विनोद कश्यप, अध्यक्ष, ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, एनएमडीसी एससी/एसटी एसो. के पदाधिकारी, आफिसर्स एसो. के पदाधिकारी, विभिन्न वि?द्यालयों के प्राचार्य महिला एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने पर डोनेश्वर साहू हुए सम्मानित

गरियाबंद। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर चुनाव ड्यूटी में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रायपुर संभाग अंतर्गत गरियाबंद जिला में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ डोनेश्वर साहू को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। जिन्होंने गरियाबंद जिला के दोनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54- राजिम व 55- बिंद्रानवागढ़ में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम को बेहतर ढंग से संपादित किया था। बताया गए कि इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। जिसमें प्रत्येक संभाग से अधिकारियों का नाम चयन किया गया था।

जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह में विकास एवं प्रगति के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाये।

समारोह में खेल एवं युवा कल्याण एवं राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड में आम्स प्लाटून अंतर्गत 38वीं बटालियन आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, प्लाटून पीटीएस राजनांदगांव पुरूष, प्लाटून पीटीएस राजनांदगांव महिला, प्लाटून जिला बल महिला, प्लाटून नगर सेना महिला, नेवल प्लाटून दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव बालिका, एनसीसी प्लाटून दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव बालिका, एनसीसी दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव बालिका, एनसीसी कमला कालेज राजनांदगांव बालिका, एनसीसी स्टेट स्कूल राजनांदगांव बालक, एनसीसी म्युनिस्पिल स्कूल राजनांदगांव, एनसीसी स्टेट स्कूल बालिका, नेवल प्लाटून डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल बसंतपुर बालक, एनसीसी सर्वेश्वर दास स्कूल राजनांदगांव बालिका, स्काउट ठाकुर प्यारे लाल स्कूल राजनांदगांव बालिका, स्काउट-गाइड महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल राजनांदगांव बालिका शामिल हुए। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर ने किया। उप निरीक्षक राकेश पटेल ने परेड टूआईसी का दायित्व निभाया। परेड में जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया और सम्प्रभुता, अखंडता के प्रतीक राष्ट्रपति जी की जय का उद्घोष किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने प्लाटून के कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर शहीद पुलिस जवानों के परिवारों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा आकर्षक व्यायाम का प्रदर्शन किया गया। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

न्यूज़ गैलरी

पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में ध्वजारोहण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव में '76वां गणतंत्र दिवस' उत्साह, उमंग व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव में पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एवं कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव के कार्यालयीन स्टाफ एवं अधिकारी/कर्मचारिगण उपस्थित थे।

पुष्पा साहू होंगी धमतरी जिले के लिए निर्वाचन प्रेक्षक

धमतरी/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा धमतरी जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए श्रीमती पुष्पा साहू को निर्वाचन प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्रीमती साहू 2012 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं। वर्तमान में श्रीमती साहू स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग में संचालक के रूप में पदस्थ हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी द्वारा जिला स्तर पर आजीविका महाविद्यालय के सहायक संचालक डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता को प्रेक्षक का लाइजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। लाइजनिंग अधिकारी का मोबाईल नंबर 99933-50362 है।

महापौर पद हेतु 4 एवं पार्षद पद हेतु 84 अभ्यर्थियों ने आज नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

राजनांदगांव /नवप्रदेश। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु आज कुल 4 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 84 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इस तरह अब तक महापौर पद हेतु कुल 21 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 231 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। महापौर पद हेतु आज कुल 2 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 55 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। इस तरह अब तक महापौर पद हेतु कुल 5 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 70 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। आज महापौर पद के लिए भाजपा से अजीत जैन एवं भाजपा से मधुसूदन यादव ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। इसी तरह आज कांग्रेस से निखिल द्विवेदी, बहुजन समाज पार्टी से शमशुल आलम, भाजपा से मधुसूदन यादव, कांग्रेस से कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजली, सम्मान में रखा जाएगा 2 मिनट का मौन

धमतरी/नवप्रदेश। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाएगा। इस दिन शहीदों को श्रद्धांजली दी जाएगी और उनकी स्मृति तथा सम्मान में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया जाएगा। कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में अनिवार्य रूप से शहीद दिवस पर मौन धारण करने और शहीदों को श्रद्धांजली देने के निर्देश जारी किए हैं। 30 जनवरी को सुबह 11 बजे सभी कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारी दो मिनट का मौन धारण करेंगे। इस दिन के महत्व को प्रसारित करने के लिए भारत के स्वतंत्रता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका तथा राष्ट्रीय एकता से जुड़े विषयों पर हाईब्रिड-ऑनलाईन मोड में भाषण एवं वार्ताएं भी आयोजित की जाएंगी।

सलौनीकला धान खरीदी केंद्र में भारी अनियमितता, मीडिया टीम को देख भागे जिम्मेदार

भटगांव/नवप्रदेश। खरीदी केंद्र सलोनी कला धान खरीदी केंद्र सलोनी कला इस वर्ष के धान खरीदी में सुर्खियों में रहा कुछ दिन पूर्व प्रबंधक की गुम होने की खबर सामने आई थी और आज एक बार फिर बिलाईगढ़ विधानसभा के सलौनीकला धान उपार्जन केंद्र में बड़े भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। यहां किसानों से खरीदे गए 41.300 किलो धान को जिस ट्रक में लोड कर भेजा जा रहा था उसमें धान की कट्टा 40 की जगह किसी में 26.800 किलो , किसी में 32 किलो तो किसी में 28 किलो धान की कट्टा बनाकर लोड किया जा रहा था जहां जो ट्रक में लोड किया जा रहा था उसे ट्रक के सामने और पीछे का नंबर प्लेट में एक नंबर था और ट्रक के बॉडी के अगल-बगल में ट्रक का दूसरा नंबर था इस तरह एक ट्रक का दो नंबर सामने आया धान की कट्टे को कम करके कट्टों में बदलकर सरकार को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा था।

राजनांदगांव पुलिस ने बनाया "गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड

यातायात, साइबर एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान

राजनांदगांव /नवप्रदेश। जिला राजनांदगांव में 01जनवरी से 31जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के नेतृत्व में यातायात सहित राजनांदगांव पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना रोकने जागरूकता अभियान चला रही है। सोमवार 27 जनवरी को दोपहर 12.00 बजे एक साथ नवा बिहान कार्यक्रम के तहत पूरे जिले के 119 विभिन्न स्कूल/कॉलेज एवं संस्थानों में यातायात, साइबर एवं नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी जिसमें पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, डी.एफ.ओ. राजनांदगांव प्रशांत जैन, अति. पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक, उप पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, उप पुलिस अधीक्षक डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी व थाना स्टाफ द्वारा जागरूकता अभियान में सम्मिलित होकर स्कूल/कॉलेजों/विभिन्न संस्थानों के लोगों को जागरूक किया गया जिसमें इन अधिकारियों द्वारा बताया गया कि सड़क पर आवागमन करते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये, शराब सेवन कर वाहन न चलायें, ओव्हर स्पीड न चलें, गाड़ी चलाते समय मोबाईल से बात न करें, क्षमता से अधिक सवारी न बिठाये, माल वाहक वाहनों में सवारी न बिठाये। यातायात नियमों का पालन करने जागरूक किया गया। साथ ही सायबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें आये दिन सायबर क्रिमिनल सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से झूठी फेक प्रोफाईल बनाकर नये-नये तरीके से लोगो से ठगी अथवा अन्य अपराध कर रहे है, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले प्रमुख अपराध जैसे सायबर बुलिंग सायबर स्टॉकिंग, सायबर गुरमिंग चाईल्ड पोर्नोग्राफी के संबंध में बताया गया।

यातायात, साइबर एवं नशे के विरूद्ध 20497 छात्र/छात्राओं, शिक्षकगण एवं अन्य आमजन को राजनांदगांव पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने हेतु 7623 शपथ पत्र भरवाया गया एवं सड़क सुरक्षा माह के दौरान 1442 निशुल्क हेलमेट वितरण किया। साथ ही 6000 स्कूली बच्चो को पाम्पलेट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में एक साथ एक समय पर एक जिले में 20497 लेगो को जागरूक करने पर यह रिकार्ड के रूप में "गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में दर्ज हो गया है। प्रदेश प्रभारी सोनल राजेश द्वारा जागरूकता कार्यक्रम कर विजिट कर अभियान के सफलतापूर्वक समाप्ति पश्चात पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर राजनांदगांव संजय अग्रवाल के समक्ष पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग को प्रोविजनल प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। नवा बिहान के तहत एक साथ एक समय पर राजनांदगांव जिले में यातायात, साइबर एवं नशे के संबंध में जन-जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के फलस्वरूप "गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड्स सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदाय किया गया।

स्वरोजगार के इच्छुक युवा ले सकेंगे अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण

बड़ौदा आरसेटी ने 3 फरवरी तक मंगाए आवेदन

धमतरी /नवप्रदेश। जिले के ऐसे बेरोजगार युवा, जो स्वरोजगार के इच्छुक हैं वे घरेलू अगरबत्ती निर्माण का दस दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। दरअसल बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए घरेलू अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 3 फरवरी 2025 तक आवेदन मंगाए गए हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को घर में, पूजा कार्यक्रम में उपयोग होने वाले सुगंधित अगरबत्ती, हाथ से बने अगरबत्ती, लोभान धूप अगरबत्ती तथा आधुनिक मशीन से बनने वाले अगरबत्ती और अगरबत्ती के पैकेजिंग की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण में 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवक, युवती शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क और आवासीय सुविधा युक्त है। इस प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकेंगे। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए राशनकार्ड, शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेजों की फोटोकॉपी, परिचय पत्र तथा चार पासपोर्ट आकार के फोटो उपस्थिति के समय जमा करने होंगे।

जिले के 110 स्कूल-कॉलेज में चलाया जाएगा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान

भटगांव स्थित आईटीआई से हुई शुरूआत

धमतरी/नवप्रदेश। तम्बाकू के दुष्प्रभावों से लोगों को परिचित कराने और तम्बाकू मुक्त समाज बनाने के लिए धमतरी जिले में स्वास्थ्य विभाग ने अब स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता बढ़ाने का अभियान शुरू किया है। जिले के 110 स्कूल, कॉलेजों में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान आज से शुरू हो गया है। आज भटगांव स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज, मिडिल स्कूल और शासकीय मिडिल स्कूल सोरम में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत विद्यार्थियों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, तम्बाकू सेवन की वजह से होने वाली बीमारियों से मौत जैसे-मुख, गले और फेफड़े का कैंसर, ब्लड प्रेशर और हृदयाघात से होने वाले मौत के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। इसके अलावा सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक नुकसान के बारे में भी लगातार लोगों को बताया गया। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत गठित दल द्वारा भी लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही स्कूलों और कार्यालयों से 100 मीटर के अंदर तम्बाकू विक्रय करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई के साथ-साथ चेतावनी भी दी जा रही है।

जिले में लगातार येलो लाइन कैंपेन चलाया जा रहा है। समय-समय पर नुक्कड़ नाटकों और दूसरे दृश्य-श्रव्य माध्यमों से युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने की समझाईश भी दी जा रही है। धमतरी जिले में तम्बाकू नियंत्रण अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार, काउंसलर भागेश्वर लोधी आदि का सहयोग भी मिल रहा है।

बेरोजगार युवाओं को मिलेगा साग-सब्जी उगाने का प्रशिक्षण

बड़ौदा आरसेटी ने 3 फरवरी तक मंगाए आवेदन

धमतरी /नवप्रदेश । जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को व्यावसायिक रूप से साग-सब्जी उगाने और उनकी नर्सरियां तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दस दिवसीय इस प्रशिक्षण के लिए बड़ौदा आरसेटी द्वारा 3 फरवरी 2025 तक आवेदन मंगाए गए हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सब्जी उत्पादन के लिए जरूरी बीज, सब्जियों की वैरायटी, उनमें होने वाली बीमारियों, और कीटों से बचाव के तरीके, ऑर्गेनिक फार्मिंग, क्यारी निर्माण, खेत तैयार करने जैसी तकनीकी जानकारियां दी जाएगी। वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट और कल्टीवेशन की आधुनिक तकनीकों से भी प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण में 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवक, युवती शामिल हो सकते हैं। प्रशिक्षण पूरी तरह से निःशुल्क और आवासीय होगा। इस प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकेंगे। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए राशनकार्ड, शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेजों की फोटोकॉपी, परिचय पत्र तथा चार पासपोर्ट आकार के फोटो उपस्थिति के समय जमा करने होंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक से लोन लेने में सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर, कम्पोजिट बिल्डिंग के पास स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान से सम्पर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण के संबंध में अतिरिक्त जानकारी मोबाईल नंबर 73899-43193 और 88394-68509 पर भी ली जा सकती है।

मेरी जन्मभूमि व कर्मभूमि इसके लिए कार्य करना मेरा सौभाग्य : रामू रोहरा

धमतरी /नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा व्दारा धमतरी नगर निगम हेतु महापौर के रूप प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा के नाम पर मुहर लगायी गई है। श्री रोहरा के धमतरी आगमन पर भाजपाईयों व्दारा घड़ी चौक में उनका स्वागत करते हुए नारे लगाए गए। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर भूपेश बघेल सरकार के पांच साल में विकास कार्य ठप्प रहे। निगम में कांग्रेस नीत सरकार में सिर्फ और सिर्फ वादा किया गया लेकिन कोई धरातल में कोई कार्य नहीं किया गया। रोहरा ने कहा कि भूपेश बघेल के पांच साल बनाम विष्णु देव सांय सरकार के एक साल में विकास कार्य भारी है।

108 निर्यापकाचार्य समतासागर महाराज ससंघ का डोंगरगढ़ एवं चंद्रगिरी में हुआ मंगल प्रवेश

डोंगरगढ़ /नवप्रदेश । 108 निर्यापकाचार्य श्री समतासागर महाराज जी ससंघ का डोंगरगढ़ में शाम 4 बजे हुआ भव्य मंगल प्रवेश 7 मुनि संघ पिंडराई (मध्य प्रदेश) से लगभग 270 किलोमीटर पद विहार कर डोंगरगढ़ पहुचे 7 मुनि संघ की अगवानी के लिए जैन समाज के लोगो में काफी उत्साह एवं हर्ष का माहोल था। मुनि संघ की अगवानी के लिए घोड़े, बैंड बाजे एवं रास्ते में जगह – जगह जाग्रति महिला मंडल द्वारा रंग बिरंगी रंगोली, आरती आदि सजाई गई 7 मुनि श्री ने कहा की डोंगरगढ़ चंद्रगिरी का प्रताप द्वार है हम यहाँ दर्शन देने नहीं आयें है बल्कि आप सभी को 1 से 6 फरवरी 2025 को होने वाले कार्यक्रम का निमंत्रण देने आये हैं । आप सभी इसमें सहपरिवार सम्मिलित होकर धर्मलाभ लेवे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबको मिलकर कार्य करना है7 जो प्राप्त है वही पर्याप्त है। शाम 5 बजे मुनि संघ की भव्य अगवानी श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरि महातीर्थ में हुई यहाँ मुनि संघ की अगवानी में 108 मुनि श्री आगमसागर जी ससंघ एवं लगभग 50 आर्यिका माता जी ससंघ के साथ दिगम्बर जैन चंद्रगिरी महातीर्थ के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन एवं अन्य ट्रस्टी गण और श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव यतीश कुमार जैन एवं राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, तिल्दा नेवरा, बिलासपुर, गोंदिया, नागपुर, बालाघाट आदि जगह से आये जैन समाज के बहुत से लोग उपस्थित थे। आगे ध्वज लेकर प्रतिभा स्थली की छात्राएं चल रही थी और पीछे मुनि संघ और फिर जैन समाज के लोग जयकारे लगाते हुए चल रहे थे ।

108 संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की समाधि को एक वर्ष होने पर मुनि संघ के सानिध्य में दिनांक 1 फरवरी से 6 फरवरी तक सिद्ध चक्र मंडल विधान होगा । जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) के द्वारा दी गयी है ।

प्रेसवार्ता

नत नयन होकर कार्यरत होने के कारण ही भाजपा पर जनता का विश्वास प्रगाढ़ है –सौरभ सिंह

पंचायत चुनाव में जीत हासिल करेगी भाजपा : विजय

रायपुर/नवप्रदेश। हम दीनदयाल जी के अंत्योदय के सिद्धांत 'अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे' इस हेतु कार्य करते हैं उपरोक्त बातें उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत चुनाव विषय पर पत्रकार वार्ता लेते हुए कही।

विजय शर्मा ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए पहले 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर हस्ताक्षर किए फिर अपने निवास गए। अब हितग्राहियों के मकान बनने प्रारंभ हो गए हैं व 180000 पूर्ण भी हो चुके हैं। अगर यह मकान 5 वर्ष पहले बन जाते तो हमें ज्यादा खुशी होती।

उन्होंने कहा जिस कार्यकर्ता को गरीबों के उनके आवास दिलाने के लिए आंदोलन का नेतृत्व सौंपा उसे ही मंत्री बनाकर गरीबों को आवास बांटने का काम बीजेपी की सरकार ही कर सकती है।

उन्होंने कहा के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जनमन के तहत विशेष संरक्षित जनजातियों के पूरे देश के लक्ष्य में से 51 प्रतिशत सड़के सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिली है।देश में 4781 किलोमीटर की लंबाई के विपरीत सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य में 2449 किलोमीटर लंबाई की सड़क स्वीकृत की गई। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पहलू , चाहे वह खेती की, किसानी की बात हो, उद्यानिकी की बात हो, सड़क, गाय ,ग्राम पंचायत या ग्रामीण जनजीवन हो भाजपा ने जनहित में उसे प्रभावित किया है।

उन्होंने कहा हमने आदिवासी बंधुओ के जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए 5500 सौ रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की इससे 12 लाख परिवार को 240 करोड़ की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई व चरण पादुका का वितरण पुनः प्रारंभ करने का कैबिनेट ने निर्णय लिया। उन्होंने कहा आज छत्तीसगढ़ का किसान खाने के लिए नहीं, खजाने के लिए खेती कर रहा है।

हमने उन्हें बकाया 2 साल का धान का बोनस दिया साथ ही : प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31सौ रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदी हो रही है। विष्णु देव सरकार ने कैबिनेट में निर्णय लिया है कि फरवरी के पहले पखवाड़े के भीतर सभी किसानों को उनकी उपज के भुगतान की अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भाजपा शासन लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन के लिए कार्य करती है। हम महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपए 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधे जमा कर रहे हैं। जिस योजना को कांग्रेस सरकार ने धोखे से महिला समूह से छीन लिया था उस रेडी टू ईट योजना वापस महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने का निर्णय भाजपा सरकार ने लिया व पांच जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह प्रारंभ भी हो गया है। महिलाओं को अपना स्वयं का स्थान मिले इसलिए 200 महतारी सदन का कार्य प्रारंभ हो रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार सालाना - 562000 मजदूरों को 562 करोड़ रुपए दिए जाना प्रारम्भ हो चुका है उन्होंने सिलसिले वार बताया कि अनेक योजनाएं जिनमे पिछले 1 वर्ष में 989 लाख मानव दिवस जिसमें 23 लाख से अधिक परिवार के 40 लाख व्यक्तियों को काम दिया गया।

पत्रकार वार्ता में भाजपा पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा कि जनता का भाजपा के प्रति पूर्ण विश्वास है और केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार पंचायत व नगरीय निकाय में चार इंजन की सरकार होकर जनता के कल्याण और विकास के कार्य करेगी और इस हेतु प्रदेश के सभी 33 जिला पंचायत 146 जनपद और 11672 ग्राम पंचायत क्षेत्र में नत नयन होकर कार्यरत होने के कारण ही भाजपा पर जनता का विश्वास प्रगाढ़ है।

भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई श्रीमद भागवत कथा

भागवत कथा सुनने मात्र से कट जाते हैं जीव के पाप- आचार्य नंदकुमार शर्मा

अर्जुनीर/नवप्रदेश। ग्राम अर्जुनी मे 26 जनवरी से 3 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन वर्मा परिवार द्वारा किया गया है।भागवत कथा वाचक पंडित नंदकुमार शर्मा निनवा (तिल्दा) वाले है।भागवत कथा के प्रथम दिन रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।आचार्य शर्मा जी ने कहा कि जन्मांतर भवेत पुण्य तदा भागवतं लभेत! अर्थात जन्म-जन्मांतर एवं युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है तब जीवमात्र को भागवत कथा श्रवण का सुअवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही कट जाते हैं जीव के सारे पाप। व्यासपीठ से कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी से पापी व्यक्ति भी पाप से मुक्त हो जाता है।वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। भागवत महापुराण यह उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है। इसीलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है।

न्यूज़ गैलरी

रेल्वे स्टेशन पर स्टेशन मैनेजर ने फहराया तिरंगा

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय भाटापारा रेलवे स्टेशन पर गणतंत्त दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार ने ध्वजारोहण कर उपस्थित रेल कर्मियों,यात्रियों को बधाई दी।इस दौरान स्थानीय रेल परिवार के सदस्यों के साथ साथ के पी यदु ,रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा,जी आर पी प्रभारी राजेश मिश्रा इत्यादि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तैयारियों का लिया जायजा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने सोमवार क़ो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तैयारी क़ा जायजा लिया। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित मास्टर ट्रेनर क़ो नियमानुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य प्रवेश द्वार के बगल में बनाए गये पूछताछ कॉउंटर एवं नाम निर्देशन प्रपत्र काउंटर में कर्मचारियों से उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो क़ी जानकारी ली। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र के लिए अलग-अलग वर्गो के लिए निर्धारित शुल्क लेने कहा। इसके साथ ही काउंटर में निर्धारित शुल्क का विवरण चस्पा करने के भी निर्देश दिए। इसी तरह नाम निर्दशन पत्र जमा करने हेतु अभ्यर्थी प्रवेश के लिए बेरीकेटिंग के पास एरो का निशान चस्पा करने कहा। उन्होंने नाम निर्देशन सहित अन्य कार्यवाही के लिए स्टैण्डर्ड चेक लिस्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024 -25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद हेतु सोमवार 27 जानवरी 2025 से नाम निर्देशनपत्र जमा करने क़ी कार्यवाही शुरू हो गई है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

भाजपा ने किसानों, आवास हीनों दोनों को धोखा दिया है - कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश।उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पत्रकार वार्ता का जबाब देते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब-जब

चुनाव आता है भाजपा के नेता झूठ की खेती करना शुरू कर देते है। स्थानीय निकाय चुनाव के पहले फिर किसानों और आवास हीनों को ठगने का काम शुरू हो गया। भाजपा नेता झूठ बोल रहे है कि साय सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया है। साय सरकार ने एक साल मे एक भी मकान नहीं बनाया है जिन डेढ़ लाख मकानों को बनाने का दावा गृहमंत्री कर रहे है वह तो भूपेश सरकार ने स्वीकृत किया था और उसका पहला किस्त भी कांग्रेस सरकार ने डाला था। भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव साय सरकार के तथाकथित प्रधानमंत्री आवास केवल विज्ञापनों और होल्डिंग तक ही सीमित रह गया है, हकीकत भाजपा की सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ में एक भी हितग्राही के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोई भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। उल्टे पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के द्वारा 'छत्तीसगढ़ आवास न्याय योजना' भी अघोषित तौर पर बंद कर दी गई है। साय सरकार की दुर्भावना के चलते लाखों गरीबोंसेउनकापक्काआवासकाहक्कछिनगयाहै।प्रदेशकांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का वादा था 2022 तक हर गरीब के सिर पर पक्का छत देने का, लेकिन 100 दिन में महंगाई कम करने, कालाधन वापस लाकर सभी के बैंक खातों में 15-15 लाख देने और 2 करोड़ रोजगार हर साल की तरह हर गरीब को पक्का आवास देने का वादा भी जुमला निकला।

इतवारी राम यादव विद्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। इतवारी राम यादव विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने गणतंत दिवस के अवसर पर झण्डोत्तोलन किया इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद शर्मा पीयुष साहू एवं सुरेन्द्र डागोर उपस्थित थे।

प्राचार्य दिनेश शर्मा ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के विकास में सहभागी बने ।प्रधान पाठक देवलाल बघमार ने गणतंत्र दिवस क्यों मनाया जाता है छात्रों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम संचालक जी पी वर्मा ने छात्रों को गणतंत्र दिवस

26जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है की जानकारी दिये। शाला नायक दुर्गेश कुमार ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। एन सी सी के बेस्ट कैडेट को सुरेश शर्मा जी अपने माता-पिता की स्मृति में नगद राशि एवं विद्यालय के सेवानिवृत्त व्याख्याता मोहन लाल वर्मा द्वारा अपने सुपुत्र स्व यशवंत वर्मा की स्मृति में नगद राशि एवं मोमेंटो प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है ।इस वर्ष कैडेट लीलाधर को बेस्ट एन सी सी कैडेट का पुरस्कार प्राचार्य एवं अतिथियों के कर कमलों से प्रदान किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के इस कार्यक्रम में के के यादव,डी पी साहू,पी आर शर्मा,पी आर मांझी,एन पी साहू,पी सी साव,आर के चौबे,कैलाश साहू, दीपक मिश्रा, उभय कुमार साहू अभिषेक वर्मा,अजय प्रकाश बंजारे, अर्चना वर्मा, राज वर्मा, संतोषी कंवर, कामना ध्रुव, मीनू द्कुशवाहा, जेनिफा लकडा, दीपिका साहू, कुसुम लता वर्मा, अंजली वर्मा, सरिता सोनी, अशोक बंजारे, सरिता शर्मा, रेणु वर्मा, चित्ररेखा बंजारे, मनीषा सेन, प्रीति बाला ठाकुर, शीतल यादव, रामेश्वर महिलांगेसालिक राम साहू शिक्षक उपस्थित थे।

प्रेस क्लब में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रेस क्लब भाटापारा में आयोजित 76 वी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण भाटापारा राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल के द्वारा पत्रकारों की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।इस अवसर पर स्कूल के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा राष्ट्र गान

प्रस्तुत किया गया ।उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रेस क्लब संरक्षक संजीव तिवारी,संतोष अग्रवाल, गुरमीत सिंग गुंबर, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव तिवारी, राजकुमार मल, सत्यनारायण पटेल, राजेश शर्मा , विनोद शर्मा, जुगल किशोर तिवारी, मोहम्मद हारुन रजा, शत्रुघ्न साहू, फलित भारती, माखनलाल, अमृत साहू, एवं पत्रकार गण उपस्थित थे !

महिलाओं को स्वरोजगार से जोडऩे आजीविका मूलक गतिविधियों में करें संलग्न-डेका

राज्यपाल रमेन डेका ने जिला अधिकारियों से समीक्षा बैठक में की चर्चा

टीबी मरीजों को प्रदान किये निक्षय मित्र सुपोषण किट

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से चर्चा की। राज्यपाल डेका ने प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करते हुए शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा की। उन्होंने बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सुपोषण एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन एवं जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों एवं आयोजनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने जिले में कौशल विकास अंतर्गत किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेकर महिलाओं

को स्वरोजगार से जोडऩे आजीविका मूलक गतिविधियों में संलग्न करने की अपेक्षा की। उन्होंने पशुपालन, मछली पालन आदि गतिविधियो में महिलाओं को जोड़कर उनका कौशल उन्नयन के साथ आर्थिक विकास को भी बेहतर करने के सुझाव दिये। राज्यपाल डेका ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए रेडक्रॉस की गतिविधियों को सक्रियता के साथ आयोजित करने के सुझाव दिये। साथ ही हेल्थ कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के सुझाव दिये। उन्होंने जिले में अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान की जानकारी लेकर मादक पदार्थो के रोकथाम के लिए विशेष निगरानी रखकर लगातार अभियान चलाने अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। राज्यपाल डेका को कलेक्टर अग्रवाल ने जिले में जल जागरूकता अभियान, कृषक सम्मेलन, स्वच्छता अभियान, वेस्ट मेनेजमेंट, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, गौरव गरियाबंद अभियान, महिला समूहों को सहायता एवं पीएम जनमन योजना के तहत किये जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने शिक्षा विभाग के समीक्षा के दौरान स्कूली बच्चों को एनसीसी से जोड़कर प्रोत्साहित करने को कहा। जिससे समय प्रबंधन एवं अनुशासन की सीख बच्चों में बेहतर होगी। बैठक उपरांत राज्यपाल डेका को कलेक्टर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पैरा आर्ट से बनाए गए राज्यपाल की फेस फोटो कलाकृति भेंट किए। इस दौरान बैठक में राज्यपाल के संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम सहित जिला अधिकारीगण मौजूद रहे। राज्यपाल रमेन डेका ने जिले में टीबी के संबंध में चल रहे अभियान निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली।

राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम पर रूद्राक्ष पौधा का किया रोपण

पुलिस के जवानों से मुलाकात कर की हौसला अफजाई

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज गरियाबंद जिला प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय के उद्यान परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपण किया। उन्होंने पौधा रोपण कर वृक्षों को बचाने में अपना योगदान देने का आव्हान करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही लोगो को अपने घर एवं आसपास बड़ी संख्या में पेड़ लगाने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ - पौधे प्रकृति की अमूल्य देन है। इनके संरक्षण एवं संवर्धन से पृथ्वी का विकास एवं जन जीवन में खुशहाली आती है। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण से भी निजात मिलती है। राज्यपाल ने शुद्ध हवा, पानी एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनो की बढ़ोत्तरी के लिए अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने की अपील की। राज्यपाल डेका ने

इस दौरान संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद के उद्यान परिसर एवं विश्राम गृह में पुलिस के जवानों से मुलाकात कर आवश्यक चर्चा भी की। उन्होंने पुलिस के जवानों को लोगों की भलाई एवं सुरक्षा के लिए हर समय सक्रिय रहकर अपना कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने उद्यान परिसर में पुलिस के जवानों के साथ ग्रुप फोटो खिचाई। साथ ही देश सेवा में लगातार बेहतर कार्य करने के लिए जवानों की हौसला अफजाई भी की।

मयूर स्कूल में रविंद्र जैन ने किया गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण

आनंद मेला का भी हुआ आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय मयूर विद्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रविंद्र जैन उपाध्यक्ष मयूर क्लब विजय मल कोषाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल सचिव के अतिथि में मां सरस्वती भारत माता व महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्याअर्पण पश्चात रविंद्र जैन ने झंडा उत्तोलन किया। इस अवसर पर रविंद्र जैन ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में न्याय, स्वतंत्रता, समता, राष्ट्रीय एकता और अखंडता व बंधुत्व के महत्व को बताते हुए बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा रचित संविधान के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। जैन ने आनंद मेला के आयोजन के लिए छात्रों को प्रेरित किया ।इस दौरान संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई

इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित सीमा शिवरतन शर्मा ,सीमा मल, आशा रविंद्र जैन, आशा बाजपेई , अनीता छाबड़ा ,अंजना भट्टर ने आनंद मेला में एक से बढ़कर एक सजे हुए स्टॉल को देखकर खुशी जाहिर की। मेले में बच्चों ने पसंदीदा चाट ,भेल, मैगी ,पास्ता आइसक्रीम तो दूसरी तरफ गुपचुप समोसे जैसी चटपटी व्यंजन की बगिया व मनोरंजन गेम्स को सम्मिलित किया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का शिक्षक परिवार ने पुष्प गुच्छ वह स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया अतिथियों ने आनंद मेले की प्रशंसा करते हुए मेले को छात्र के लिए उपयोगी व अपने प्रतिभा दिखाने के अवसर बताते हुए छात्रों के जागरूकता व्यावसायिक, सामाजिक विकास व भविष्य में आत्मविश्वास के साथ आगे बढऩे का उनके मन में डर का भाव को दूर करने वाला बताते हुए इस तरह का आयोजन किया जाना चाहिए इस सफल आयोजन के लिए पूरे शिक्षक परिवार व छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। सभी स्टालों की व्यवस्था कक्षा पहली से 12वीं तक के छात्रों ने स्वयं संभाली मयूर क्लब समिति के सदस्य गण मेला में उपस्थित रहते हुए छात्रों का उत्साह वर्धन किया ।

जिले के लिए 76वें गणतन्त्र दिवस रहा बेहद खास

राष्ट्रपति महामहिम द्रौपति मुर्मू ने सभी का अभिनंदन किया

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के लिए 76वां गणतंत्र दिवस एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर लेकर आया। जिले के बैगा बाहुल्य कुकदूर तहसील क्षेत्र के कांदावानी और तेलियापानी गांव के छह बैगा सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के छह सदस्यों और ग्राम पंचायत कोटरा बुंदेली को 26 जनवरी 2025 को सम्मानित किया। विशेष आमंत्रण पर दिल्ली पहुँचे इन परिवारों में ग्राम पंचायत कांदावानी के आश्रित ग्राम पटपरी की श्रीमती जगतिन बाई बैगा और उनके पति फूल सिंह बैगा, ग्राम तेलियापानी की श्रीमती तीतरी बाई बैगा और पति बुध सिंह बैगा, तथा ग्राम तेलियापानी की ही श्रीमती बाली बाई बैगा और

पति सोनू राम बैगा शामिल थे।

कबीरधाम जिले के विशेष पिछडी जनजाति बैगा परिवार के सदस्यों ने दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह,सहित अन्य केंद्रीय मंत्रियों से भेंट की और उनके साथ संयुक्त फ़ोटो ग्राफ़ी की।

वनांचल ग्रामों में हुआ विशेष कुष्ठ सर्वे, सत्यापन और उपचार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में कुष्ठ रोग के लिए संवेदनशील ग्रामों में विशेष जाँच एवं मरीजों के सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड कसडोल के सेक्टर रिकोकला तथा राजादेवरी के 9 ग्रामों छाता, नगरदा, मानदीप, कुरमाझर, चाँदन, सुखरी, कुशगढ़, कुश भाठा, थरगांव जो कुष्ठ रोग की दृष्टि से संवेदनशील हैं ,में विशेष कुष्ठ सर्वे, सत्यापन और उपचार कार्य संपादित किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि उक्त विशेष सर्वे में कुल 6441लोगों का सर्वे हुआ।

राज्यपाल रमेन डेका ने लाईवलीहुड कॉलेज का किया अवलोकन

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने आज जिला प्रवास के दौरान लाईवलीहुड कॉलेज का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के कौशल उन्न्यन के लिए चलाए जा रहे कौशल विकास कार्यक्रम की जानकारी ली। साथ ही कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से आवश्यक चर्चा की। राज्यपाल श्री डेका ने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के फायदे एवं उपयोग की जानकारी ली। इस दौरान ब्यूटी थेरिपिस्ट कोर्स की प्रशिक्षणार्थी मोनिका सिन्हा ने राज्यपाल श्री डेका को बताया कि लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओ को स्वरोजगार से जोडऩे विभिन्न कोर्स संचालित है। यह प्रशिक्षण

आवश्यक होता है। इसके माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को कौशल उन्नयन का बेहतर माध्यम मिल रहा है। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर होने में मदद मिलेगी। युवाओं से चर्चा कर राज्यपाल श्री डेका ने विभिन्न कौशल उन्नयन कार्यक्रमों का लाभ लेकर स्वयं का बेहतर कौशल विकास करने को प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत घासीराम मरकाम, अपर कलेक्टर श्री प्रकाश राजपूत, सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज श्रीमती सृष्टि मिश्रा सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी मौजूद रहे। लाईवलीहुड कॉलेज में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत 240 हितग्राहियों को डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, रिटेल सेल एसोशिएट, ब्यूटी थैरेपिस्ट, सिलाई मशीन ऑपरेटर, टेलर, मिस्त्री एवं टेक्सी ड्रायवर के कोर्स में आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही जल वितरण संचालक कोर्स में 60 हितग्राहियों को आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

क्रिकेट मैच | उद्देश्य समाज में सामन्जस्य, मेल-मिलाप और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना

सद्भावना क्रिकेट मैच में कलेक्टर इलेवन से हारे पत्रकार इलेवन के खिलाड़ी

भाटापारा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को बलौदाबाजार के स्पोट्र्स स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक रोमांचक और दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर-11 ने पत्रकार-11 को 62 रन से मात दी। इस क्रिकेट मैच का मुख्य उद्देश्य समाज में सामंजस्य, मेल-मिलाप और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना था। आयोजन ने प्रशासन और मीडिया के बीच अच्छे रिश्ते और बेहतर संवाद की नींव रखी।

क्रिकेट मैच की शुरुआत

मैच की शुरुआत बेहद रोचक तरीके से हुई, जिसमें कलेक्टर-11 और पत्रकार-11 की टीमें एक दूसरे से भिड़ीं। टॉस का फैसला एक रुपये के सिक्के से हुआ, जिसमें कलेक्टर-11 के कप्तान दीपक सोनी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कलेक्टर-11 के बल्लेबाजों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 140 रन का शानदार स्कोर खड़ा किया। कलेक्टर-11 के बल्लेबाजों ने जोरदार शॉट्स, चौके और छक्के लगाए, जिससे दर्शक भी रोमांचित हो उठे।

विशाल और कलेक्टर दीपक सोनी की जोड़ी ने बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दोनों ने टीम के स्कोर को एक मजबूत स्थिति में पहुंचाया, जिससे पत्रकार-11 के गेंदबाजों को दबाव का सामना करना पड़ा।

बलौदाबाजार पत्रकार-11 को गेंदबाजी का दबाव : कलेक्टर-11 द्वारा निर्धारित 141 रन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पत्रकार-11 की टीम ने कड़ी मेहनत की। हालांकि, कलेक्टर-11 के गेंदबाजों ने शुरू से ही कड़ा दबाव बना दिया। पत्रकार-11 के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया, लेकिन कलेक्टर-11 के गेंदबाजों ने उन्हें रन बनाने का कोई मौका नहीं दिया।

विशेष रूप से कलेक्टर-11 के गेंदबाज विशाल और राजीव ने शानदार गेंदबाजी की। पत्रकार-11 के कई बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए, जिससे उनकी टीम लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रही। आखिरकार पत्रकार-11 ने 10 ओवरों में केवल 79 रन ही बनाए, और इस तरह कलेक्टर-11 ने 62 रन से जीत दर्ज की।

बलौदाबाजार के पत्रकार चंद्रकांत वर्मा हुए चोटिल, फिर भी दिखाया अद्वितीय खेल भावना

मैच के दौरान एक हैरान करने वाली घटना घटी, जब पत्रकार चंद्रकांत वर्मा चोटिल हो गए। यह घटना तब हुई जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे और एसपी विजय अग्रवाल गेंदबाजी कर रहे थे। रन के लिए दौड़ते समय अचानक वे गिर पड़े और चोटिल हो गए। हालांकि, चोटिल होने के बावजूद चंद्रकांत वर्मा ने अपने समर्पण और साहस का परिचय दिया और अपनी टीम के लिए आखिरी बॉल तक खेल में हिस्सा लिया। उनके साथी खिलाडिय़ों और उपस्थित अधिकारियों ने उनकी चोट के प्रति चिंता व्यक्त की और मदद की। चंद्रकांत वर्मा ने इस मुश्किल स्थिति में भी खेल भावना का बेहतरीन उदाहरण पेश किया।

उत्कृष्ट खिलाडिय़ों को मिला पुरस्कार : मैच के बाद, कलेक्टर-11 के खिलाड़ी विशाल और पत्रकार-11 के खिलाड़ी आशीष नत्थानी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। विशाल ने शानदार गेंदबाजी की और आशीष नत्थानी ने बल्लेबाजी में अपनी टीम के लिए अहम रन बनाए। इन दोनों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

कलेक्टर दीपक सोनी का खेल भावना पर जोर : कलेक्टर दीपक सोनी ने इस आयोजन के बाद कहा, 'इस तरह के आयोजन समाज में मेल-मिलाप और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। खेल में हार और जीत तो होती है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि खेल भावना को प्रोत्साहित किया जाए।

जब खिलाड़ी अपनी टीम के लिए पूरी निष्ठा से खेलते हैं, तो यही असली जीत होती है।'

राज्यपाल ने जिले के दो बच्चों को किया सम्मानित

25 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र किया भेंट

बलौदाबाजार /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के दो बच्चों, कुणाल कौशले और पोषण जायसवाल को उनकी वीरता, साहस और बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 25 हजार रुपये की राशि और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। इन बच्चों के अदम्य साहस और सूझबूझ के लिए राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें सम्मानित किया। बालकों के इस शौर्य एवं वीरता के लिए कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी टी जाटवर ने बधाई दी है। इस वीरतापूर्ण कार्य के लिए पूरे जिले में उनकी सराहना की जा रही है।

घटना 20 जून 2024 की है। नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्र. 14 निवासी पप्पू ठाकुर अपने कार्य पर गए थे और उनकी पत्नी मायके में थीं, जिससे घर में कोई मौजूद नहीं था। घर के आंगन में स्थित तुलसी चौरा में जलते दीपक की लौ से खिड़की के पर्दे में आग लग गई, जो धीरे-धीरे पूरे कमरे में फैलने लगी। आग लगने के दौरान पास में खेल रहे कुणाल कौशले और पोषण जायसवाल ने धुआं उठते देखा। आस-पास कोई बड़ा व्यक्ति न देखकर, दोनों बच्चों ने सूझबूझ दिखाते हुए पत्थर से घर के ताले को तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने नजदीकी पानी टंकी से बाल्टी में पानी लाकर आग बुझाई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

लाल किले में भारत पर्व 2025 : छत्तीसगढ़ की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

■ झांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलक

रायपुर/नवप्रदेश। झांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलकझांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलकझांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलक। नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में आयोजित हो रहे भारत पर्व 2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है। यह झांकी राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और रामनामी समुदाय की विशिष्ट झलक को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। भगवान श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध रामनामी समुदाय इस झांकी का मुख्य आकर्षण है। उनकी अनोखी परंपराएं, संस्कृति और जीवनशैली दर्शकों को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की झांकी में राज्य की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक लोक जीवन को बड़े ही शानदार तरीके से दर्शाया गया है। झांकी में जनजातीय कला, पारंपरिक नृत्य, और शिल्प की झलक ने देश-विदेश से आए दर्शकों को राज्य की अनमोल सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया। साथ ही यह झांकी छत्तीसगढ़ की आदिवासी जीवनशैली और उनकी अनूठी परंपराओं का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करती है।

भारत पर्व 2025, जो गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों की झांकियां, सांस्कृतिक प्रदर्शन और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल जनता के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। छत्तीसगढ़ की झांकी ने 'देखो अपना देश' की थीम के तहत राज्य के सांस्कृतिक गौरव और परंपराओं को देश और दुनिया के सामने पेश किया है।

यह आयोजन 26 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 9 बजे तक दर्शकों के लिए खुला है। निशुल्क प्रवेश के साथ, यह पर्व लोगों को भारत की सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक धरोहर, और आधुनिक विकास का अनुभव करने का अनोखा अवसर प्रदान करता है।

लाल किले के प्रांगण में छत्तीसगढ़ की झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। यह झांकी छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रही है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में 'स्वागत समारोह' सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज शाम यहां राजभवन में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने सभी अतिथियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल ने भी राज्यपाल डेका को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। समारोह में जनप्रतिनिधिगण, पद्मश्री पुरस्कृत, राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी, सेना एवं पुलिस के अधिकारी, राष्ट्रपति पदक से अलंकृत पुलिस अधिकारी, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्य वीरता पुरस्कार प्राप्त बच्चे, राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे। राज्यपाल डेका को सभी ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

समारोह में विधायक पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, अमितेष शुक्ला, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव द्वय रेणु जी पिल्ले व मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा, राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वय वी. श्रीनिवास राव, सुधीर अग्रवाल, पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक संजय पिल्ले, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, सचिव शहला निगार, सूचना आयुक्त एन.के. शुक्ला, छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसायटी के सीईओ एम. के. राउत, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, रेडक्रॉस के चेयरमेन अशोक अग्रवाल, पी.एस.सी की कार्यवाहक अध्यक्ष सुश्री रीता सांडिल्य, पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुशील त्रिवेदी, पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव श्रीवास्तव, डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्रा, विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति उपस्थित थे। साथ ही समारोह में पद्मश्री पुरस्कृत सर्वश्री डॉ. भारती बंधु, मदन चौहान, शमशाद बेगम, उषा बारले, शहीदों के परिजन, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी विश्व विद्यालय की बहनें सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने वीरता शौर्य एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए पद अलंकरण से किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पद अलंकरण से सम्मानित किया। उन्होंने 15 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस वीरता पदक 2024 से अलंकृत किया। निरिक्षक शिशुपाल सिन्हा, निरिक्षक निर्मल जांगड़े जिला कांकेर, सहायक उप निरिक्षक गोपाल बोड्डू जिला बीजापुर, प्रधान आरक्षक एमैया चिलमुल जिला बीजापुर, प्रधान आरक्षक प्रफुल्ला गोपाल जिला बीजापुर, प्रधान आरक्षक तुलाराम कुहरामी जिला बीजापुर, आरक्षक हेमन्त एण्ड्रिक जिला बीजापुर, आरक्षक मोती लाल राठौर जिला बीजापुर, आरक्षक गोविन्द सोढ़ी जिला बीजापुर, आरक्षक सुकारू राम जिला बीजपुर, आरक्षक मुन्ना राम कड़ती जिला बीजापुर, आरक्षक कृष्णा गाली 19 पोखरण वाहिनी छसबल, करनपुर जिला जगदलपुर, आरक्षक भीमा राम बेड़ता जिला बीजापुर, आरक्षक धनीराम कोरसा जिला बीजापुर, आरक्षक कृष्णा ताती जिला बीजापुर को पुलिस वीरता पदक से अलंकृत किया गया। इसके अलावा आनंद सिंह रावत, सहायक सेनानी पीटीसी, बोरगांव विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रपति का पुलिस पदक दिया गया।

सराहनीय सेवा हेतु पुलिस महानिरीक्षक सुशील चन्द्र द्विवेदी, माना रायपुर के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिंज, उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह, सहायक सेनानी प्रशांत श्रीवास्तव, जगदलपुर कंपनी कमाण्डर प्रभुलाल कोमरे, बस्तर उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद मिश्रा, सुकमा प्रधान आरक्षक धरम सिंह नरेटी, कांकेर प्रधान आरक्षक रविन्द्र कुमार ठाकुर को अलंकृत किया गया। सराहनीय सुधार सेवा पदक के लिए बिलासपुर जेल शिक्षकहेमंत कुमार नामदेव, दुर्ग प्रहरी ताराचंद अवस्थी, रायपुर प्रहरी टेकराम वर्मा, जगदलपुर प्रहरी देवनारायण राम एवं गृह रक्षक तथा नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक के लिए धमतरी सैनिक सुरेन्द्र कुमार सिंगौर तथा राज्य वीरता पुरस्कार के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा से पोषण जायसवाल, कुणाल कौशले और दंतेवाड़ा से जयंत कुमार मरकाम को पुरस्कार से अलंकृत किया गया। इसके अलावा कर्तव्य पथ पर साहस और बहादुरी का परिचय देने के लिए पुलिस के वीरता पदक से अलंकृत किया गया।

बिजली कर्मी देश व प्रदेश के विकास में भागीदार बनें- सुबोध सिंह

पॉवर कंपनी मुख्यालय में अध्यक्ष सिंह ने किया ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा तथा पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने प्रदेश की सर्वांगीण प्रगति में बिजली से आए बदलाव का उल्लेख किया।

उन्होंने आह्वान किया कि बिजलीकर्मी प्रदेश तथा देश के भावी विकास में भागीदार बनें। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा- हमारा महान संविधान, हमारे महान पुरखों के संघर्षों, उनकी प्रतिभा और दूरदर्शिता का प्रतीक है। लगभग दो सौ वर्षों की गुलामी के बाद, आजाद हुए देश को अपना संविधान बनाने में, मात्र दो वर्ष, ग्यारह माह, अठारह दिन का समय लगा था। जो अपने आप में दुनिया के इतिहास में सबसे विस्तृत, उदार व लोक कल्याणकारी संविधान साबित हुआ। इसलिए आज का अवसर हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और संविधान निर्माताओं को याद करने और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का भी है। श्री सिंह ने कहा- यह बहुत ही गौरव का विषय है कि आजादी की लड़ाई की तरह, संविधान के निर्माण में भी छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारे प्रदेश की महान विभूतियां भी संविधान सभा की सदस्य रही हैं। आज संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के साथ मैं, उन सभी को सादर नमन करता हूं।

बिजली से समान अवसर

हमारा संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और समान अवसरों की सौगात देता है। आप सभी बिजली के उत्पादन, पारेषण और वितरण के क्षेत्र में काम करने वाले साथियों का योगदान भी, प्रत्येक नागरिक को बिजली की शक्ति से समान अधिकार और समान अवसर दिलाने के लिए दर्ज हुआ है। मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी का अनुभव हो रहा है कि प्रदेशवासियों को सुख, सुविधा और समृद्धि प्रदान करने में आप सभी बिजली कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा है।

दूरदर्शिता से उत्पादन

श्री सिंह ने कहा- विकास के साथ बिजली की बढ़ती मांग एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। छत्तीसगढ़ में उत्पादन, पारेषण और वितरण तीनों कंपनियों को साथ में मिलकर पर्याप्त, निरंतर और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति न्यूनतम संभावित दरों पर करने हेतु अपनी-अपनी भूमिका का निर्वाह करना है। राज्य को बिजली, हमारे बिजलीघरों के अलावा भी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से उपलब्ध होती है। इसके बावजूद हमारी स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा दूरदर्शितापूर्वक भावी आवश्यकताओं का आकलन करते हुए नए बिजलीघरों की स्थापना हेतु समुचित प्रयास किए जा रहे हैं।

नए बिजलीघरों की स्थापना

श्री सिंह ने कहा- कोरबा पश्चिम में 1 हजार 320 मेगावॉट क्षमता के सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट के लिए प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत निविदा, प्रक्रिया में है। पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु एनटीपीसी, टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन तथा सतलज जल विद्युत निगम का सहयोग लिया जा रहा है।

इसके लिए 5 स्थानों पर 7 हजार 300 मेगावॉट क्षमता की परियोजनाओं के डी.पी.आर. बनाने का कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत बड़े पैमाने पर घरेलू उपभोक्ताओं की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का अभियान भी छेड़ा गया है। मैं चाहूंगा कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदाय करने वाली इस योजना का लाभ, आप सब तथा प्रदेश की जनता ज्यादा से ज्यादा संख्या में उठाएं।

पारेषण प्रणाली के विकास में जोर

अतिउच्चदाब पर पॉवर ट्रांसमिशन नये युग की बड़ी जरूरत है। इसके माध्यम से ही हम प्रदेश के विभिन्न बिजलीघरों में उत्पादित बिजली का समुचित उपयोग कर सकते हैं। इंटर-स्टेट ग्रिड का लाभ भी ले सकते हैं। इस दिशा में विगत एक वर्ष में अच्छी प्रगति की गई है।400 के.वी. क्षमता के 4 उपकेंद्र वर्तमान में कार्यरत हैं, वहीं 2 नये उपकेंद्रों धरदेही तथा पिथौरा के निर्माण हेतु प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। विगत एक वर्ष में 132 के.वी. क्षमता के 3 तथा 220 के.वी. क्षमता के एक उपकेंद्र का कार्य पूर्ण कर संचालन प्रारंभ कर दिया गया है।

सस्ती और निर्बाध विद्युत आपूर्ति पर फोकस

पारेषण कंपनी द्वारा 920 मेगावॉट की सोलर परियोजनाओं को कनेक्टिविटी प्रदान की गई है जो सौर ऊर्जा के बढ़ते उत्पादन और उपभोग का प्रतीक है। हमारी वितरण कंपनी को एक साथ अनेक दायित्व निभाने पड़ते हैं। अंतिम उपभोक्ता को गुणवत्तापूर्ण निरंतर विद्युत आपूर्ति के माध्यम से संतुष्ट रखने की जिम्मेदारी भी निभानी होती है। विगत एक वर्ष में 66 उपकेन्द्र तथा 14 हजार 834 वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित किये गये हैं। वहीं 33 के.वी., 11 के.वी. तथा निम्नदाब लाइनों को मिला कर कुल 16 हजार 103 किलोमीटर लाइनों का निर्माण किया गया है। प्रचलित कार्ययोजना के अनुसार आगामी एक वर्ष में वितरण कंपनी द्वारा 75 नये उपकेन्द्र, 12 हजार वितरण ट्रांसफॉर्मर तथा 14 हजार सर्किट किलोमीटर लाइनों की स्थापना की जायेगी। श्री सिंह ने कहा- हमारी वितरण कंपनी किसानों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, गरीब परिवारों तथा अन्य सामान्य घरेलू उपभोक्ताओं को निःशुल्क अथवा रियायती दर पर विद्युत आपूर्ति की जिम्मेदारी निभा रही है। जिससे कमजोर वर्गों के जीवनस्तर तथा आय के अवसरों में शानदार बढ़ोत्तरी हुई है। बस्तर के सुदूर बीजापुर जिले के चिलकापल्ली को हाल ही में ऊर्जीकृत कर हमने यह संदेश दिया है कि दूरस्थ आदिवासी अंचलों को बिजली की शक्ति देने का सिलसिला चलता रहेगा। पी.एम. जनमन, पी.एम. जुगा तथा नियद नेल्लानार योजना के तहत बिजली की सुविधा से वंचित लोगों के घरों को रोशन किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति और अमर वाटिका में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर स्थित शहीद स्मारक अमर जवान ज्योति में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात् उप मुख्यमंत्री शर्मा ने आमागुड़ा स्थित अमर वाटिका में शहीद स्मारक में जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शहीदों के नामपट्टिका के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए। इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रयागराज कुंभ स्थित छत्तीसगढ़ पवेलियन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रयागराज कुंभ स्थित छत्तीसगढ़ पवेलियन में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ पवेलियन में भारत माता और महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर देशभक्ति, एकता और संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त कलेक्टर अरुण मरकाम ने कहा कि 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है।

बस्तर संभाग के 26 गांवों में पहली बार लहराया तिरंगा

■ नक्सल उन्मूलन अभियान की सफलता से बदली तस्वीर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन इस बार इतिहास में खास दर्ज हुआ। वह गांव, जो कभी नक्सलियों के खौफ और आतंक के साए में जीने को मजबूर थे, अब शांति और विकास की नई राह पर चल रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित नक्सल उन्मूलन अभियान की जबरदस्त सफलता के चलते गांवों में सुरक्षा और विश्वास का नया माहौल बनने से इस बार 26 गांवों में पहली बार ग्रामीणों ने तिरंगा फहराया और पूरे उत्साह से गणतंत्र दिवस मनाया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित नक्सल उन्मूलन अभियान ने बस्तर संभाग में सुरक्षा और विकास की नई कहानी लिखी है। इस अभियान के अंतर्गत बस्तर के अंदरूनी और सुदूर इलाकों में सुरक्षा केंद्र स्थापित कर शांति बहाल की गई है। इन गांवों में कभी नक्सलियों का प्रभाव इतना गहरा था कि लोग राष्ट्रीय पर्व तो दूर, सामान्य जीवन भी भय के साए में जीने को मजबूर थे। अब, नक्सल उन्मूलनअभियान के प्रयासों से वहां न केवल शांति स्थापित हुई है, बल्कि स्थानीय लोगों में एक नई उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि बीते एक वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कुल 26 नए सुरक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन सुरक्षा केंद्रों ने न केवल कानून व्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि इन क्षेत्रों को विकास केंद्र का स्वरूप दिया है। बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और कांकेर जिलों के इन गांवों में ग्रामीणों ने पहली बार गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और पूरे उत्साह से इस पर्व में भाग लिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इन सुरक्षा केंद्रों पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

न्यूज गैलरी

लाल निशान में कारोबार, मिडकैप और स्मॉलकैप फिसले

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में खुला। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। सुबह 9ः50 पर सेंसेक्स 318 अंक या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,871 और निफ्टी 102 अंक या 0.43 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,989 पर था। शुरुआती कारोबार में लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक बिकवाली बनी हुई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 972 अंक या 1.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,290 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 553 अंक या 3.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,402 पर था। ऑटो, आईटी, फार्मा, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स में दबाव बना हुआ है। केवल रियल्टी और एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, तकनीकी दृष्टिकोण से बाजार लगातार उच्च स्तरों पर बिकवाली के दबाव का सामना कर रहा है और दैनिक चार्ट पर निचले स्तर पर पहुंच रहा है, जो नकारात्मक है। सेंसेक्स पैक में आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, एलएंडटी, नेस्ले, आईटीसी, एसबीआई और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स हैं। जोमैटो, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टीसीएस और इन्फोसिस टॉप लूजर्स हैं।

ईएसआईसी से नवंबर में जुड़े 16.07 लाख कर्मचारी

नई दिल्ली। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के शुक्रवार को जारी पेरोल आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल नवंबर में 16.07 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं, जिनमें से 47 प्रतिशत से अधिक 25 वर्ष की आयु तक के युवा कर्मचारी हैं, जो दिखाता है कि देश में नौकरियां तेजी से बढ़ रही हैं और आर्थिक विकास हो रहा है। श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि नवंबर 2024 के महीने में 20,212 नई संस्थाओं को ईएसआई योजना के दायरे में लाया गया है। इससे अधिक वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। सालाना आधार पर विश्लेषण से पता चलता है कि शुद्ध पंजीकरण में नवंबर 2023 के मुकाबले 0.97 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बयान में आगे कहा गया कि नवंबर के दौरान जोड़े गए कुल 16.07 लाख कर्मचारियों में से 7.57 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 47.11 प्रतिशत है, 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। पेरोल डेटा के लिंग आधारित विश्लेषण से पता चलता है कि नवंबर में ईएसआईसी में महिलाओं का शुद्ध पंजीकरण 3.28 लाख था। इस दौरान 44 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों का भी पंजीकरण हुआ है। ईएसआईसी के आंकड़े इस सप्ताह जारी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के आंकड़ों से मेल खाते हैं, जिसमें नवंबर 2024 में 14.63 लाख सदस्यों की शुद्ध वृद्धि देखी गई है, जो अक्टूबर के इसी आंकड़े की तुलना में 9.07 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ईपीएफओ के पेरोल डेटा से पता चलता है कि नवंबर में 18-25 आयु वर्ग के लोगों की संख्या में 5.86 लाख की वृद्धि हुई है, जो पिछले महीने अक्टूबर की तुलना में 7.96 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सालाना आधार पर नवंबर 2023 की तुलना में शुद्ध सदस्य वृद्धि में 4.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है।

केंद्र सरकार की कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनका लाभ गरीब तबके को मिलता है

सरकार दे रही होम लोन पर सब्सिडी, मिडिल क्लास को भी फायदा

***योजना के तहत सरकार घर बनाने के सपने को पूरा करती है**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की कई ऐसी योजनाएं हैं, जिनका लाभ गरीब तबके को मिलता है। इन्हीं योजनाओं में से एक है प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) 2.0. इस योजना में शहरी गरीबों के अलावा मध्यम वर्गीय परिवारों को भी लाभ मिलता है. योजना के तहत सरकार घर बनाने के सपने को पूरा करती है।

आज हम आपको बताएंगे कि योजना के लिए आवेदन करने से पहले किन दस्तावेजों की जरूरत होगी. इसके अलावा योजना के लिए पात्रता की जांच कैसे की जा सकती है। यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/निम्न आय वर्ग

(एलआईजी)/मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) परिवारों के लिए है. आपको बता दें कि 3 लाख रुपये तक की सालाना आय वाले परिवारों को ईडब्ल्यूएस कहा जाता है. वहीं, 3 लाख से 6 लाख रुपये तक की सालाना आय वाले परिवारों को एलआईजी और 6 लाख से 9 लाख रुपये तक की सालाना आय वाले परिवारों को एमआईजी के रूप में परिभाषित किया गया है. इस योजना के कई वर्टिकल हैं. इनमें से एक है वर्टिकल इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम।

अगर आप इस स्कीम को चुनते हैं, तो आपको होम लोन पर सब्सिडी मिलेगी. 35 लाख रुपये तक के घर के लिए 25 लाख रुपये तक का होम लोन लेने वाले लाभार्थी 12 साल की अवधि के लिए 8 लाख रुपये के पहले लोन पर 4 फीसदी ब्याज सब्सिडी के पात्र होंगे. पात्र लाभार्थियों को 5 साल की किस्तों में पुश बटन के माध्यम से 1.80 लाख रुपये की सब्सिडी जारी की जाएगी।

हफ्ते में 4 दिन काम, 3 दिन छुट्टी, बढ़ेगा पीएफ में योगदान

बजट 2025 में नए लेबर कोड का होगा ऐलान!

नई दिल्ली। मोदी सरकार के बजट 2025 में लेबर कोड नियमों को लागू करने का ऐलान हो सकता है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी बजट में लेबर कोड को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना का ऐलान कर सकती हैं. सूत्रों के मुताबिक इन नए लेबर कोड को तीन चरणों में लागू किया जाएगा. कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ेंगे. साथ ही हफ्ते में 4 दिन काम करने का विकल्प मिलेगा. अगर पीएफ में कटने वाला पैसा बढ़ता है तो हर महीने मिलने वाली सैलरी कम हो सकती है। लेबर कोड से सभी छोटे-बड़े कारोबारियों और कारोबारियों को नई नीतियों को लागू करने का समय मिलेगा. अगर सरकार बजट 2025 में इन कोड की घोषणा करती है तो इसे आने वाले वित्त वर्ष में लागू कर दिया जाएगा. इन कोड से कारोबारियों और कंपनियों को न सिर्फ आसानी होगी बल्कि कर्मचारियों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा भी मिलेगी। लेबर

कोड के नए नियमों और योजना के तहत छोटे कारोबारियों को इन नियमों को लागू करने में करीब दो साल का समय लगेगा. आपको बता दें कि भारत के कारोबारी ढांचे में एमएसएमई यानी छोटे उद्योगों की हिस्सेदारी 85 फीसदी से ज्यादा है। भारत सरकार ने 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार लेबर कोड में समाहित कर दिया है. इनका मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को मजबूत बनाना और कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना है।

दूरसंचार कंपनियों ने लिया बड़ा एक्शन

केंद्र ने फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल पर कसी नकेल

नई दिल्ली। सरकार ने बताया है कि भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉलों की पहचान करने और उन्हें ब्लॉक करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली ने ऐसी कॉलों को प्रतिदिन लगभग 4 लाख तक कम कर दिया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतीय दूरसंचार कंपनियों से उन विदेशी वाहकों या एग्रीगेटरों के खिलाफ अभियान शुरू करने को कहा, जो फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सौंप रहे हैं, और उन्होंने अब तक 20 से अधिक ऐसे वाहकों को ब्लॉक कर दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने हाल ही में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर स्वदेशी रूप से विकसित अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ्ड कॉल रोकथाम प्रणाली शुरू की है। यह उपकरण एक मजबूत अवरोधक साबित हुआ, जिसने आने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय कॉलों में से 90 प्रतिशत को ब्लॉक कर दिया, जिन्हें स्पूफ कॉल के रूप में पहचाना गया था। भारतीय नागरिकों को धोखा देने और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिए धोखेबाज भारतीय मोबाइल नंबर (+91-xxxxx) प्रदर्शित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्पूफ कॉल का उपयोग कर रहे थे। हालांकि ये कॉल भारत के भीतर से उत्पन्न होती हैं, लेकिन वे कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी (सीएलआई) के हेरफेर के माध्यम से विदेश से की जाती हैं, जिसे आमतौर पर फ़ोन नंबर के रूप में जाना जाता है। सिस्टम के सफल कार्यान्वयन के साथ, विदेश में रहने वाले धोखेबाजों ने अपने काम करने के तरीके को बदल दिया और अब उन्होंने अंतरराष्ट्रीय नंबरों का उपयोग करके स्पूफिंग शुरू कर दी है। इसका मुकाबला करने के लिए, दूरसंचार मंत्रालय ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से भारत के बाहर से आने वाली सभी कॉलों पर अंतर्राष्ट्रीय कॉल प्रदर्शित करने के लिए कहा है। इससे नागरिकों को यह समझने में मदद मिलती है कि चूंकि आने वाली कॉल एक अंतरराष्ट्रीय कॉल है, इसलिए यह दूरसंचार मंत्रालय, ट्राई, पुलिस, आरबीआई, सीमा शुल्क आदि जैसे संगठनों से नहीं हो सकती है। संचार मंत्रालय के अनुसार, प्रमुख सेवा प्रदाताओं में से एक ने अपने नेटवर्क में इसे पहले ही लागू कर दिया है।

इंडिगो का मुनाफा तीसरी तिमाही में 18.6 प्रतिशत गिरकर 2,448.8 करोड़ रुपये रहा

मुंबई। इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी ने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 18.6 प्रतिशत गिरकर 2,448.8 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 2,998.1 करोड़ रुपये था। कंपनी का मुनाफा गिरने की वजह खर्च का बढ़ना है।

वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का खर्च 20,466 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले साल की समान तिमाही में 17,064 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का मार्जिन 430 आधार अंक गिरकर 11.1 प्रतिशत रह गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 15.4 प्रतिशत कम था। कंपनी की ऑपरेशनंस से आय 13.7 प्रतिशत बढ़कर

22,110.7 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 19,452.1 करोड़ रुपये थी।कंपनी की आय तिमाही आधार पर 30 प्रतिशत बढ़ी है। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कंपनी की आय 16,970 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 986 करोड़ रुपये का भारी शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि (वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही) में 188 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

अब बिना इंश्योरेंस गाड़ी चलाना पड़ेगा महंगा, पेट्रोल-डीजल भी नहीं मिलेगा

नई दिल्ली। अब बिना वैध थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के गाड़ी चलाना और भी मुश्किल होने वाला है। नए नियमों के अनुसार, अब वाहनों को पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए भी वैध इंश्योरेंस दिखाना अनिवार्य होगा। यही नहीं, ख्नस्झ्ड्ढ के लिए भी इंश्योरेंस के दस्तावेज दिखाने होंगे। इसका मतलब है कि अब ख्नस्झ्ड्ढ को भी थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी से लिंक कराना होगा। बिना इंश्योरेंस प्रूफ के न तो फ्यूल मिलेगा और न ही अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया जा सकेगा। अगर कोई बिना इंश्योरेंस के गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे भारी जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। सरकार ने फ्यूल खरीदने, ख्नस्झ्ड्ढ और पॉल्यूशन एवं लाइसेंस सर्टिफिकेट लेने के लिए वाहनों के इंश्योरेंस का

प्रमाण दिखाना अनिवार्य कर दिया है। भारत में सभी वाहनों के लिए थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस अनिवार्य है, जिसमें दोपहिया और चार पहिया वाहन शामिल हैं। चाहे आपके पास कार हो या बाइक-स्कूटर, इसका इंश्योरेंस होना जरूरी है। अब भारत की सड़कों पर थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के बिना वाहन चलाना गैरकानूनी है और इसके लिए जुर्माना भी लग सकता है। थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस आपके वाहन से किसी तीसरे पक्ष को होने वाले नुकसान से बचाता है। यदि आप किसी दुर्घटना में शामिल हैं, तो आपका थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस तीसरे पक्ष को हुए नुकसान को कवर कर सकता है। मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार, सड़क पर चलने वाले सभी वाहनों के पास थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस कवरेज होना चाहिए। सरकार ने नया इंश्योरेंस खरीदते समय ख्नस्झ्ड्ढ को वैध थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी से जोड़ना भी अनिवार्य कर दिया है। अब पेट्रोल पंपों पर वाहनों में फ्यूल भरने से पहले इंश्योरेंस प्रूफ देखा जाएगा और अक्सर ख्नस्झ्ड्ढ सिस्टम के जरिए ही यह जांच की जाएगी।

खेल

वनडे क्रिकेट की एक पारी में इन खिलाड़ियों ने लगाए हैं सबसे ज्यादा चौके

नईदिल्ली। फरवरी 2025 में वनडे क्रिकेट प्रारूप का प्रतिष्ठित टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने वाला है। इस टूर्नामेंट में कई दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे। ऐसे में बड़े-बड़े स्कोर बनने तय हैं। वनडे क्रिकेट पहले के मुकाबले काफी बदल गया है। इस प्रारूप में तेजी से रन बनते हैं। 300 या 350 रन भी जीत की गारंटी नहीं देता है।

आइए उन शीर्ष बल्लेबाजों के बार में जानते हैं, जिन्होंने वनडे की एक पारी में सबसे ज्यादा चौके जड़े हैं।भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 264 रन की धुआंधार पारी खेली थी।इस दौरान उनके बल्ले से 33 चौके निकले थे। उन्होंने उस मुकाबले में 9 छक्के भी लगाए थे। उनकी स्ट्राइक रेट 152.60 की थी। यह वनडे के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है।रोहित एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं,

जिन्होंने वनडे क्रिकेट की एक पारी में 30 या उससे ज्यादा चौके लगाए हैं। भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग सूची में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। दोनों ने एक पारी में 25-25 चौके लगाए हैं।तेंदुलकर ने 200* रन की पारी के दौरान दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ इतने चौके लगाए थे। यह वनडे क्रिकेट इतिहास का पहला दोहरा शतक भी था।सहवाग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रन की पारी के दौरान 25 चौके लगाए थे। दोनों मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत मिली थी। सनथ जयसूर्या, मार्टिन गुप्टिल, डेविड वार्नर, फखर जमान और ईशान किशन सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने एक पारी में 24-24 चौके लगाए हैं।जयसूर्या ने साल 2006 में नीदरलैंड के खिलाफ ये कारनामा किया था। गुप्टिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 237* रन की पारी के दौरान 24 चौके लगाए थे। वार्नर और फखर ने दक्षिण अफ्रीका और ईशान ने बांग्लादेश के खिलाफ 210 रन की पारी के खिलाफ 24 चौके लगाए थे।स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज कैलम मैकलियोड इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने साल 2018 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 23 चौके लगाए थे। इस खिलाड़ी ने 164 गेंदों का सामना किया था और उनके बल्ले से 157 रन निकले थे। उन्होंने अपनी पारी में 1 छक्का भी लगाया था। स्कॉटलैंड ने वह मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया था। यह वनडे विश्व कप का क्वालिफायर मुकाबला था।

नोमान अली ने हैट्रिक लेकर रचा इतिहास, बनाया रिकॉर्ड

पाकिस्तान बनाम वेस्टइंडीज, दूसरा टेस्ट

नईदिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्पिनर नोमान अली ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ मुल्तान में खेले शुरु हुए सीरीज के दूसरे टेस्ट में हैट्रिक सहित 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। वह पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले स्पिनर हैं। इसी तरह यह उनका 8वां 5 विकेट हॉल भी है। उनकी गेंदबाजी के कारण ही वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 95 रन पर 9 विकेट गंवा दिए हैं। 38 वर्षीय नोमान ने क्रैग ब्रैथवेट (9) को आउट कर मैच में अपने विकेटों का खाता खोला। इसके बाद उन्होंने पारी के 12वें और अपने कोटे के तीसरे आवेर की पहली तीन गेंदों पर क्रमशः जस्टिन ग्रीव्स (1), टेविन इमलाच (0) और केविन सिंक्लेयर (0) को आउट कर अपनी हैट्रिक पूरी की। इसके बाद उन्होंने केमार रोच (25) को आउट कर अपने 5 विकेट पूरे किए। वह पारी में अब तक 13 ओवर में 31 रन खर्च कर

चुके हैं। नोमान पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले स्पिनर होने के साथ यह कारनामा करने वाले कुल 5वें गेंदबाज हैं। उनसे पहले वसीम अकरम (2 बार बनाम श्रीलंका, 1999), अब्दुल रज्जाक (बनाम श्रीलंका, 2000), मोहम्मद सामी (बनाम श्रीलंका, 2002) और नसीम शाह (बनाम बांग्लादेश, 2020) यह कारनामा कर चुके हैं। ये सभी तेज गेंदबाज हैं। पाकिस्तान 1952 से टेस्ट खेल रहा है और 72 साल में पहली बार किसी पाकिस्तानी स्पिनर ने टेस्ट में हैट्रिक विकेट लिए। नोमान ने पाकिस्तान के लिए पहला टेस्ट 2021 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 19 मुकाबले खेले हैं, जिसकी 35 पारियों में 25.25 की औसत से 78 विकेट लिए हैं। उन्होंने 8 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। दोनों पारियों को मिलाकर इस खिलाड़ी ने एक बार 10 विकेट भी लिए हैं। नोमान ने अपने करियर में सबसे ज्यादा विकेट (24) इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ झटके हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999